17 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 237

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

'विक्ट्री रैली' में मेडिकल स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह



## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान



244 (GEN)
SIDDHARTH
2 Years Classroom Program

133 (EWS)
KARAN BHASKAR
1 Year Classroom Program

731 (GEN)
KARAN
2 Years Classroom Program

360 (OBC)
ABHISHEK
2 Years Classroom Program

**BIOME** ®
*Leading Institute for Pre-Medical Exam.*
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## NEET (UG) RESULT 2025

## राँची से NEET (UG) में सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वाधिक रिजल्ट फिर से एक बार

**1621** Total Qualified Students

| Rank | Category | Name |
|---|---|---|
| 149 | ST | SHEETAL |
| 384 | EWS | TOUFIQUE |
| 525 | OBC | OWAIS RAZA |
| 548 | EWS | ANKIT |
| 750 | ST | MUSKAN |
| 893 | GEN | LAKHAN |
| 987 | ST | NANCY NIKITA |
| 1769 | EWS | AYUSHI |
| 1835 | PH | MONA |
| 2012 | OBC | SUJATA |
| 2057 | GEN | RITIK |
| 2088 | GEN | RAHUL |
| 2283 | GEN | RAGHAV |
| 2468 | EWS | ANMOL |
| 2641 | GEN | DIVYA |
| 2652 | EWS | MANAK |
| 3161 | EWS | PIYUSH |
| 3274 | GEN | ADARSH |
| 3498 | ST | ZIPPORAH |
| 3618 | GEN | SUPRIYA |
| 3834 | OBC | RUDRA PRATAP |
| 3936 | OBC | SHREYA |
| 4342 | EWS | SIDHARDH |
| 4401 | ST | SUMANT |
| 4403 | OBC | SIDDHARTH |
| 4442 | SC | SOURAV |
| 4497 | OBC | TANYA |
| 4718 | SC | AMIT |
| 4771 | GEN | SANT KUMAR |
| 4884 | SC | DIMPLE RAJ |
| 4907 | ST | PRIYANKA |
| 4933 | ST | DISHA |
| 4939 | OBC | AMAN |
| 4972 | ST | BIBHA ANSHU |
| 4973 | GEN | SHIV RAJ |
| 5044 | EWS | PRATIKSHA |
| 5061 | SC | SIYA |
| 5383 | GEN | KHUSHI |
| 5778 | OBC | VIPUL |
| 5880 | EWS | SHRADHA |
| 6059 | ST | AMAN PRIYANSHU |
| 6229 | GEN | KASHISH |
| 6305 | OBC | HENA SUMBUL |
| 6477 | OBC | ASIF ALI |
| 6497 | OBC | SHAIM |
| 6594 | GEN | SAPNA |
| 6607 | SC | AWANTIKA |
| 6608 | OBC | NISHANT |
| 7167 | ST | AKANKSHA |
| 7413 | ST | ANGEL DIVYA |
| 7598 | ST | ANUGRAH |
| 8195 | OBC | SHIVI ANURUP |
| 8286 | OBC | BHUNESHWAR |
| 8291 | GEN | SNIGDHA |
| 8476 | OBC | SHUBHANGAM |
| 8566 | GEN | AMISHA |
| 8680 | ST | PRIYANKA |
| 9092 | GEN | PARIJAT |
| 9097 | ST | ADITI |
| 9180 | GEN | GEETANJALI |
| 9269 | OBC | MANISHA |
| 9284 | OBC | MOHIT |
| 9527 | OBC | PRAKRITI |
| 9967 | GEN | MASKIN |
| 10015 | GEN | DEEPSHIKHA |
| 10817 | GEN | TALHA AHMAD |
| 11242 | GEN | PIYUSH |
| 11257 | OBC | SANIDHYA |
| 11382 | ST | SANDEEP |
| 11789 | OBC | TAHSHIN |
| 12335 | OBC | VIKASH |
| 12637 | OBC | SHREYA |
| 12837 | GEN | TEJAS |
| 13038 | ST | SUPRIYA |
| 13117 | OBC | DEVANAND |
| 13619 | GEN | NANDINI |
| 14035 | GEN | RAJ VARDHAN |
| 14118 | GEN | ATEEBA |
| 14255 | SC | SOURYA |
| 14276 | OBC | RAGINI |
| 14649 | OBC | MAHIMA |
| 15061 | OBC | SHALU |
| 15226 | GEN | AKANSHA |
| 15845 | OBC | ASHIF RAZA |
| 16011 | GEN | AADRITI |
| 16148 | SC | ROHINI |
| 16462 | OBC | PRATHAM |
| 16480 | GEN | ASTHA |
| 16876 | OBC | NAUSHEEN |
| 17488 | GEN | HARSHA |
| 19098 | OBC | RINKEY |
| 19166 | OBC | MAYANK |
| 20030 | OBC | SAKIB AHMAD |
| 20192 | OBC | TARUN |
| 20492 | OBC | MANVI |
| 20497 | OBC | DEVDAS |

*and many more...*

**NEET-UG Counselling Seminar : 26 June, 2025 (Thursday), at 11:00 A.M. | VENUE : BIOME, HINOO CAMPUS**

**BIOME Ranchi**
HINOO, Ranchi
CIRCULAR ROAD, Ranchi
BARIATU ROAD, Ranchi
biomeinstitute.in

**FOUNDATION**
*(11th moving students)*
For NEET 2027
Starting from 3rd July, 2025

**TARGET**
*(12th passed students)*
For NEET 2026
Starting from 26th June, 2025

**LAKSHYA**
*(For 450+ Scorer in NEET 2025)*
For NEET 2026
Starting from 3rd July, 2025

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

736 006 6185 / 88 / 90 / 91 / 92 / 93 / 94

youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/ | biome_institute_official

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार चुनाव में इस बार खूब चलेगा सवर्ण कार्ड

## ■ नीतीश कुमार ने 14 साल बाद सवर्ण आयोग का गठन कर चला बड़ा दांव

## ■ एनडीए ने ब्राह्मण, भूमिहार और राजपूतों को साधने के लिए उठाया कदम

## ■ अब कांग्रेस के भीतर भी उठने लगी सवर्णों की उपेक्षा के खिलाफ आवाज

बिहार विधानसभा का आगामी चुनाव कितना रोमांचक होनेवाला है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिहार की राजनीति अब सिर्फ जाति बनाम जाति नहीं रही, बल्कि यह संख्या बनाम प्रभाव की लड़ाई बन चुकी है। इस लड़ाई में हर वह दांव आजमाया जा रहा है, जिससे परिणाम अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। इसके तहत पहला दांव दलित कार्ड का था, जिसे एनडीए और महागठबंधन ने आकार दे दिया है। अब अगला दांव सवर्ण कार्ड का है, जिसे आकार दिया जा रहा है। एनडीए की तरफ से इसकी कोशिशें शुरू कर दी गयी हैं, जबकि कांग्रेस में भी इस बारे में आवाज उठायी गयी है। एनडीए की तरफ से सवर्णों को साधने के लिए सवर्ण आयोग का गठन कर दिया गया है, जो आने वाले दिनों में कुछ सिफारिशें भी कर सकता है। इन सिफारिशों में एक यह भी होगा कि गरीब सवर्ण परिवारों के बच्चों को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट दी जाये। नीतीश कुमार द्वारा 14 साल बाद सवर्ण आयोग का गठन एक बड़ा और प्रभावी दांव माना जा रहा है, क्योंकि अब कांग्रेस के अंदर भी सवर्णों की उपेक्षा के खिलाफ आवाज उठने लगी है। इस तरह जातीय राजनीति के लिए चर्चित बिहार के चुनाव में इस बार जातीय कार्ड स्पष्ट तौर पर नजर भी आयेगा और प्रभावी भूमिका भी निभायेगा। बिहार की राजनीति में पहली बार सवर्णों का मुद्दा इतनी प्रमुखता से उठ रहा है। बिहार में क्या है सवर्णों का समीकरण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं। **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

बिहार की राजनीति में एक बार फिर जातीय समीकरणों की गूंज सुनाई देने लगी है। इस बार केंद्र में हैं अगड़ी जातियां, यानी सवर्ण। बिहार में अगड़ी जातियों की आबादी हाल ही में जारी जातिगत जनगणना के अनुसार 15.52% है। अब तक राजनीतिक चर्चा में शांत मानी जाने वाली यह आबादी अचानक से चुनावी रणनीतियों की धुरी बन गयी है। इसलिए इस साल के अंत में होनेवाले चुनाव में अगड़ी जातियों को साधने का खेल अब खुल कर शुरू हो चुका है।

### सवर्णों के लिए खुला घोषणाओं का पिटारा

एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव को जीत की मंजिल तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। लंबे समय बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए को सवर्ण वोट बैंक की अहमियत दोबारा समझ में आयी है। यही वजह है कि अगड़ी जातियों को साधने के लिए विशेष योजनाओं और घोषणाओं पर काम चल रहा है। चुनाव से पहले सवर्ण समुदाय के लिए नयी घोषणाएं हो रही हैं और कई अन्य का पिटारा खुल सकता है।

### सवर्ण आयोग का गठन पहला कदम

बिहार में सवर्णों को साधने के लिए एनडीए की तरफ से बड़ा कदम उठाया गया है। नीतीश कुमार सरकार ने सवर्ण आयोग का गठन कर दिया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार ने आयोग को नये अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य दिये हैं। यही नहीं, आयोग ने अपनी पहली बैठक में सवर्ण समाज में आने वाली जातियों के हालात पर चिंता व्यक्त की है। नीतीश कुमार सरकार को लगता है कि अति-पिछड़ा, दलित और पिछड़ा की गोलबंदी के बीच कहीं सवर्ण समुदाय न छिटक जाये। ऐसे में उसे साधने के लिए यह उपक्रम किया गया है। भाजपा के समर्थक कहे जाने वाले सवर्ण समुदाय की राजपूत और भूमिहार जैसी जातियां अक्सर छिटकती रही हैं, हालांकि ब्राह्मण और कायस्थ भाजपा के पक्ष में एकजुट नजर आये हैं। ऐसी स्थिति में सवर्णों की पूरी गोलबंदी एनडीए के पक्ष में हो, इसके लिए प्रयास शुरू हो गये हैं।



### 14 साल बाद बना है सवर्ण आयोग

बिहार में पहली बार 2011 में सवर्ण आयोग का गठन हुआ था। अब यह ज्यादा कारगर होगा। आयोग के सदस्यों का कहना है कि अब उसके पास जातीय जनगणना का आंकड़ा है। गरीब सवर्ण परिवारों की संख्या और और उसके कारण का पता चल चुका है। उन्हें क्या लाभ देकर आगे बढ़ाया जा सकता है, इस पर विचार किया जायेगा।

### क्यों अहम हैं सवर्ण

दरअसल ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार और कायस्थ मिलकर बिहार में करीब 15.52 फीसदी हैं। भले ही यह बड़ा आंकड़ा नहीं है, लेकिन यदि एकमुश्त वोट किसी दल को मिलता है, तो नतीजे पलटने का दम रखते हैं। खासतौर पर मिथिलांचल में ब्राह्मणों की अच्छी तादाद है। इसके अलावा कई जिलों में भूमिहार मजबूत हैं। मध्य बिहार के अलावा पूर्वी बिहार में राजपूतों की संख्या भी अच्छी-खासी है।

### कल्याणकारी योजनाएं लाने की तैयारी

दलित समुदाय की तरह ही अब गरीब सवर्णों के लिए भी कल्याणकारी योजनाएं लाने की तैयारी चल रही है। इन योजनाओं पर गंभीर विमर्श जारी है, और संभवतः चुनाव से पहले इन्हें नीतिगत रूप में लागू किया जा सकता है। एनडीए को उम्मीद है कि इससे न सिर्फ अगड़ी जातियों का समर्थन और मजबूत होगा, बल्कि विपक्ष को इस वर्ग में पैठ बनाने का मौका भी नहीं मिलेगा।

### बिहार में 25% सवर्ण गरीबी रेखा से नीचे

बिहार की जातीय जनगणना के अनुसार राज्य में कुल दो करोड़ 76 लाख 68 हजार 930 परिवार हैं, जिनमें से करीब 94 लाख 42 हजार 786 परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, जो कुल परिवारों का लगभग 34.13% है। विशेष रूप से सामान्य वर्ग, यानी सवर्ण परिवारों की संख्या 43 लाख 28 हजार 282 है। इनमें से लगभग 25.09% परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं। करीब 10 लाख 85 हजार सवर्ण परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं की जरूरत है।

### कांग्रेस में भी उठी आवाज

एनडीए द्वारा सवर्ण कार्ड का दांव चलने के बाद स्वाभाविक तौर पर सियासत गरम हुई और इसका असर महागठबंधन पर पड़ा। तब बिहार कांग्रेस में पहली बार सवर्णों की उपेक्षा के स्वर उठे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने यह मामला उठाया। उनका कहना था कि इस समय पार्टी के सवर्ण नेता-कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस पर अनुसूचित जातियों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों की उपेक्षा के आरोप पहले भी लगते रहे हैं, लेकिन सवर्णों की उपेक्षा का आरोप पहली बार लगा है। डॉ सिंह ने सवर्णों की उपेक्षा के बारे में जो कुछ कहा, वह इस वर्ग के आम कांग्रेसियों की राय है। असल में कांग्रेस पहले के चुनावों की तुलना में इस बार बदली-बदली सी नजर आ रही है। हालांकि कांग्रेस के नेता दलितों के प्रभाव में वृद्धि या सवर्णों की उपेक्षा पर खुल कर कुछ नहीं बोल रहे हैं। लेकिन निजी बातचीत में इन दोनों स्थिति को स्वीकार किया जा रहा है। पार्टी के सवर्ण समर्थकों का कहना है कि चुनावी वर्ष में सभी दलों में अतिथियों की संख्या बढ़ ही जाती है। कांग्रेस में नजर आ रही चहल-पहल भी उसी की देन है। इसे स्थायी मानने की भूल नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ सवर्णों के वर्चस्व को यह कह कर चुनौती दी जा रही है कि ये कांग्रेस में हैं ही कितने? सब के सब तो भाजपा में पड़े बैठे हैं।

### क्या हो सकता है इसका असर

बिहार चुनाव में सवर्ण कार्ड का क्या असर होगा, इस बारे में अभी अनुमान लगाना थोड़ा कठिन है, लेकिन इतना तय है कि एनडीए जहां सवर्ण वोट बैंक को मजबूती से साधना चाहता है, वहीं महागठबंधन भी इस बार सवर्णों को टिकट देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है, जिससे सवर्ण वोट बैंक पर कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। एनडीए के नेताओं को पूरी तरह से यह एहसास है कि इस वोट बैंक में किसी भी प्रकार की सेंधमारी नहीं होनी चाहिए, इसलिए वे कई स्तरों पर रणनीतिक काम कर रहे हैं।

---

## डुमरी पंचायत सचिव की मौत के बाद हंगामा

# एक आश्रित को दो सप्ताह में नौकरी बीडीओ समेत अन्य पर एफआइआर

**धरना में डुमरी विधायक जयराम महतो हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव सुखलाल महतो की रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। उन्होंने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास किया था। रविवार देर रात उनका शव डुमरी लाया गया। शव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। सोमवार सुबह से उन्होंने डुमरी प्रखंड मुख्यालय के सामने धरना देना शुरू कर दिया। परिजनों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। इस दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो भी मौके पर पहुंचे और आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने प्रशासन से परिजनों की मांगें मानने की अपील की। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने सुखलाल महतो के एक आश्रित को दो सप्ताह में नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही बीडीओ समेत अन्य आरोपियों पर एफआइआर दर्ज किया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### जांच टीम ने की बातचीत:

घटना को लेकर उपायुक्त की ओर से सरिया-बगोदर एसडीएम संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक जांच टीम डुमरी भेजी गयी। टीम ने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। सुखलाल महतो के सुसाइड नोट में डुमरी बीडीओ समेत तीन लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। परिजनों की मांग थी कि सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाये।

### परिजनों को मिला आश्वासन:

प्रशासन ने सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआइआर दर्ज करने की सहमति दे दी। साथ ही आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग भी मान ली गयी। एसडीएम संतोष गुप्ता ने बताया कि मृतक की विधवा पत्नी की सहमति से एक आश्रित को जिले में स्थायी पद पर नियुक्त किया जायेगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र और जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद 15 दिनों के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

### धरना समाप्त, अंतिम संस्कार किया गया:

परिजनों और ग्रामीणों की सभी मांगें माने जाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इसके बाद सुखलाल महतो का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए कुलगो नदी घाट ले जाया गया। अंतिम विदाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और दुख जताया।

---

# हाइकोर्ट ने डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पर मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लागू की गयी डीजीपी नियुक्ति नियमावली और इस पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रतिवादी राज्य एवं केंद्र सरकार के अलावा अन्य प्रतिवादियों को जवाब के लिए एक और मौका दिया है, सोमवार को मामले में सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पिछले सुनवाई में बताया गया था कि डीजीपी नियुक्ति नियमावली से राज्य सरकार ने यूपीएससी की भूमिका हटा दिया है जो असंवैधानिक है, इसे निरस्त किया जाये। मामले में पूर्व की सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार, यूपीएससी, डीजीपी, केंद्रीय गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया था। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने चुनौती दी है। पूर्व की सुनवाई में मरांडी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने अदालत को बताया था कि 25 जुलाई 2024 को अनुराग गुप्ता को एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था। यह तीन जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। फिर विधानसभा




चुनाव खत्म होने के बाद 28 नवंबर 2024 को तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह को पद से हटाकर अनुराग गुप्ता को एक्टिंग डीजीपी बना दिया गया। यह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है।

### क्या है याचिका में

याचिका में कहा गया है कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी के अनुशंसित पैनल द्वारा की जाती है। लेकिन हेमंत सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अपनी मर्जी से उन्हें डीजीपी बना दिया। जबकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जब तक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती, तब तक यूपीएससी की प्रक्रिया से ही नियुक्ति होगी। बता दें कि झारखंड सरकार ने अब डीजीपी की नियुक्ति के लिए नयी नियमावली बनायी है। इसके तहत नॉमिनेशन कमेटी बनायी गयी है। इसी समिति ने अनुराग गुप्ता के नाम पर मुहर लगायी इसके बाद उन्हें स्थायी डीजीपी बनाया गया है।

---

## जनगणना अधिसूचना पर झामुमो ने डेटा हैकिंग का उठाया सवाल

# फॉर्म में सरना धर्म कोड का कॉलम होगा या नहीं: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही आजादी के बाद पहली बार जातीय जनगणना का रास्ता साफ हो गया है। अब पूरे देश में मार्च 2027 की रेफरेंस डेट से जातीय जनगणना करायी जायेगी। हालांकि, इससे पांच महीने पहले, अक्टूबर 2026 में, पहाड़ी राज्यों में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अधिसूचना जारी होने के कुछ ही घंटों के भीतर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। पार्टी ने डाटा हैकिंग का खतरा जताते हुए कहा है कि यह जनगणना 2029 के आम चुनाव से पहले पूरी हो ही नहीं पायेगी। साथ ही, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ठंडे बस्ते में डालने का यह एक राजनीतिक प्रयोग है। सोमवार को रांची स्थित झामुमो के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना को भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि जनगणना को लेकर दो अलग-अलग तिथियों की घोषणा यह स्पष्ट कर देती है कि यह प्रक्रिया 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरी नहीं हो सकेगी।




उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जनगणना व्यक्ति-आधारित होगी, जिसमें जनसांख्यिकीय (डेमोग्राफिक) जानकारी के साथ-साथ जातीय विवरण भी शामिल किया जायेगा और यह पूरी तरह डिजिटल होगी। सरकार इन आंकड़ों को राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) में दर्ज करेगी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि जारी अधिसूचना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जनगणना के लिए कौन-सा डिजिटल फॉर्मेट इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने इसे एक 'बड़ा खेल' करार दिया और आरोप लगाया कि एनपीआर के माध्यम से जातियों को खंडित करने की साजिश रची जा रही है। उनका कहना था कि यह सरकारी स्तर पर डेटा हैकिंग का प्रयास है, जो एक बेहद संवेदनशील और गंभीर विषय है। यदि जनसंख्या का डाटा हैक हो गया, तो यह देश के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि मार्च 2027 से झारखंड में होने वाली जातीय जनगणना के फॉर्म में सरना धर्म कोड का कॉलम होगा या नहीं। उन्होंने कहा कि जनगणना का फॉर्मेट पहले ही सार्वजनिक कर दिया जाना चाहिए, ताकि लोग अपनी जानकारी सही-सही दे सकें। अन्यथा, डिजिटल जनगणना के दौरान आने वाले अधिकारी कुछ भी भर कर चले जायेंगे और आम आदमी को इसकी जानकारी ही नहीं होगी।

www.epaper.azadsipahi.in

17 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 237


दिल्ली आ रहे एयर इंडिया ड्रीमलाइनर विमान में खराबी उड़ान भरने के एक घंटे बाद ही वापस हांगकांग लौटा



## अजमानी परिवार की ओर से आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं





**KUNAL AJMANI** | Entrepreneur
Social Worker

## AJMANI INFRASTRUCTURE & PROJECTS PVT. LTD

AN ISO 9001-2015 COMPANY
CHURCH ROAD, RANCHI - 834001, 0651-3588769/+91 94311 04999
info@ajmaniinfra.co.in
GERMAN STRUCTURE I EVENTS I EXHIBITION I CONSTRUCTION I HOSPITALITY

## बिजली संकट पर फूटा हजारीबाग और रामगढ़ की जनता का गुस्सा

# सांसद के नेतृत्व में जीएम कार्यालय के बाहर हुआ महाधरना

**धरने के करीब चार घंटे बाद बिजली विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और सांसद मनीष जायसवाल व विधायकों से विशेष वार्ता की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग और रामगढ़ जिले में पिछले एक पखवाड़े से जारी भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली से त्रस्त जनता का धैर्य टूट गया। सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के आह्वान पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) कार्यालय के बाहर भाजपा के जनप्रतिनिधियों, संगठन से जुड़े लोगों और हजारों आम लोगों ने महाधरना दिया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस प्रदर्शन में विद्युत आपूर्ति की लगातार बदहाल स्थिति, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और झारखंड की गठबंधन सरकार के कुशासन के खिलाफ प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने में सांसद मनीष जायसवाल के साथ बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता सहित सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यकर्ता और सांसद समर्थक शामिल हुए। हजारीबाग के जुलू पार्क परिसर में आयोजित इस महाधरना की अध्यक्षता हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, मंच संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन कटकमसांडी के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता ने किया। धरने के दौरान हजारीबाग और रामगढ़ जिले के कई भाजपा नेताओं ने लोगों को संबोधित किया और बिजली कटौती की व्याप्त गंभीर समस्या को लेकर राज्य सरकार और बिजली विभाग के अधिकारियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली ।

लंबी वार्ता के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली अधिकारियों से कहा कि वे लिखित रूप से नियमित बिजली आपूर्ति का आश्वासन दें, तभी धरना समाप्त किया जायेगा। इसके बाद आनन-फानन में बिजली विभाग के महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने अपने लेटर हेड पर लिखित आश्वासन दिया कि विद्युत आपूर्ति में आई कमी को दूर करते हुए हजारीबाग और रामगढ़ जिले में पूर्व की भांति तत्काल विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की जायेगी। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

**विधायकों ने भी कहा अगर नहीं सुधरी स्थिति तो आंदोलन होगा और तेज:** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जब-जब बिजली समस्याओं को लेकर विभाग का कार्यालय खटखटाया गया, तब-तब आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला, लेकिन अब जनता जाग चुकी है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि अगर बड़कागांव, केरेडारी समेत पूरे जिले में बिजली की स्थिति में सुधार नहीं की गयी तो बड़कागांव से एक भी कोयले का ठेला बाहर नहीं जाने देंगे और बड़कागांव केरेडारी समेत पूरे जिले में चक्का जाम कर दिया जायेगा। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि अगर नियमित बिजली की आपूर्ति नहीं की गयी तो बड़कागांव, केरेडारी के साथ-साथ पूरे जिले में कोयले की ढुलाई पर रोक लगाने के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जायेगा और हजारीबाग के तमाम बिजली विभाग के पदाधिकारी का हुक्का चिलम बंद कर दिया जायेगा।





### हरकत में आया बिजली विभाग, दिया लिखित आश्वासन

बिजली की चौपट व्यवस्था के खिलाफ सांसद मनीष जायसवाल के आह्वान पर आयोजित यह धरना करीब साढ़े पांच घंटे चला। धरने में लगातार बढ़ती लोगों की संख्या और उनके रोष को देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारी हरकत में आये। धरने के करीब चार घंटे बाद बिजली विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और सांसद मनीष जायसवाल व विधायकों से विशेष वार्ता की। वार्ता के दौरान बिजली विभाग के हजारीबाग और रामगढ़ जिले के महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह उर्फ डी. के. सिंह, हजारीबाग के कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी, चतरा के कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार, सीडीओ हजारीबाग शहरी क्षेत्र आर. पी. सिंह, सीडीओ ग्रामीण क्षेत्र अमित कुमार, जूनियर इंजीनियर अवतेश कुमार मौजूद रहे।

### मौके पर ये लोग रहे मौजूद

बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग के जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो.के.पी. शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, टुन्नू गोप, चंद्रशेखर चौधरी, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, आनंद देव, रमेश ठाकुर, सुमन कुमार, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, कुंवर मनोज सिंह, मनोज गिरी, राजीव चतुर्वेदी, राजेंद्र कुशवाहा, अविनाश कुमार, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा मीडिया सांसद प्रतिनिधि उमेश दांगी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, मांडू विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, भाजपा नेता महेंद्र बिहारी, राजकरण पाण्डेय, मुकुटधारी महतो, जीतन राम, मनींद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, राजेश यादव, चंदन सिंह, राहुल मंडल, अनिल मिश्रा, मनोज गिरी, दीपक मेहता, अ सिन्हा, विशेषांक वर्मा सहित अन्य हजारों गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## बरकट्ठा में बालू की तस्करी जारी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** एनजीटी के रोक बावजूद बरकट्ठा और गोरहर थाना क्षेत्र में बालू की अवैध तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। सरकारी आदेश पर बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पचफेड़ी चौक पर अवैध बालू तस्करी रोकने हेतु चेकनाका बनाया जाना था जो सिर्फ सरकारी आदेश बन कर रह गया है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और टीपर बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। यह गतिविधि कानून और प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने जैसी प्रतीत हो रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह तस्करी एक संगठित नेटवर्क के तहत संचालित की जा रही है, जिसमें प्रशासन की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस महज औपचारिक कार्रवाई करती है, और जब जिला स्तर से दबाव आता है। तब 1-2 ट्रैक्टर जब्त कर खानापूर्ति कर दी जाती है। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि प्रतिदिन सैकड़ों बालू लदे वाहन बरकट्ठा, चलकुशा, गोरहर और अन्य इलाकों से गुजरते हैं। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के केवालू, चौथा, महाबर पहाड़ समीप और चेचकप्पी समेत कई जगहों पर बालू तस्करों के द्वारा ट्रैक्टर से टीपर में बालू लाद कर इचाक और हजारीबाग निकल जाते हैं। इसी कड़ी में रविवार की रात गोरहर पुलिस ने बंडा सिंगा के समीप कार्रवाई करते हुए एक महिंद्रा, दो स्वराज, समेत एक अन्य सहित कुल चार बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सभी वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। गोरहर थाना कांड संख्या 26/25 के तहत दर्ज हुआ है। हालांकि, इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई चयनात्मक होती है। जो वाहन तस्करी में पुलिस या प्रभावशाली लोगों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें छोड़ दिया जाता है, जबकि बाकी पर दिखावे के लिए कार्रवाई होती है। गौरतलब है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एनजीटी द्वारा बालू के उठाव पर रोक लगा दी गयी है। लेकिन स्थानीय स्तर पर इन आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

## खनन विभाग ने टेपसा में की छापेमारी, दो जेसीबी और नौ ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा टेपसा में पूर्व से बंद पड़ी खदान से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में खान निरीक्षक अजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में, जिला पुलिस बल और इचाक थाना पुलिस बल के अवर निरीक्षक मंगल देव उरांव के साथ संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में यह पाया गया कि मौजा टेप्सा स्थित एक परित्यक्त खदान में अवैध रूप से पत्थर का खनन कार्य किया जा रहा था। यह अवैध खनन कार्य जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों की सहायता से संचालित किया जा रहा था। मौके से कुल 02 जेसीबी मशीनें और 9 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। अवैध खनन कार्य में संलिप्त तीन नामजद अभियुक्त बनाया गया है जिनमें रौशन सिंह, साड़म, राधेश्याम प्रसाद मेहता, कालाद्वार और संतोष प्रसाद मेहता चंदवारा सभी थाना ईचाक शामिल हैं। इस मामले में नामजद अभियुक्तों के अलावा अन्य अज्ञात व्यक्तियों, अवैध खनन में प्रयुक्त जेसीबी ट्रैक्टर के स्वामियों और चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## अवैध लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान करियातपुर (इचाक) निवासी गुड्डू साव (पिता शिव प्रसाद) और राजू कुमार (पिता भुनेश्वर प्रसाद) के रूप में हुई है। ये दोनों तीउज से पिकअप वैन पर अवैध लकड़ी की ढुलाई कर रहे थे। सूचना पर जब पुलिस ने इन्हें रोका और कागजात की मांग की, तो दोनों ने पुलिस को चकमा देकर मोबाइल से अपने सहयोगियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 10 से अधिक लोग घटनास्थल पर पहुंच पुलिस को घेरने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दारू थाना प्रभारी सफीक खान अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित करते हुए पिकअप वैन समेत लकड़ी को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस के साथ बदसलूकी की और सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की। इस पर संगठित अपराध, सरकारी कार्य में बाधा और फॉरेस्ट एक्ट के तहत कांड संख्या 64/2025 दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार सहयोगियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

## हजारीबाग में 350 लोगों को दिये गये महोगनी के पौधे



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है हजारीबाग के प्रसिद्ध वेलनेस कोच दंपत्ति अमित रंजन और कुमारी खुशबू रानी ने। वर्षों से फिटनेस और जीवनशैली में सुधार के लिए समर्पित इस दंपत्ति ने रविवार को शहर के डाकबंगला स्थित होटल पैराडाइज रिजॉर्ट में आयोजित लाइफस्टाइल डे के मौके पर अपने 350 साथियों को महोगनी का पौधा भेंट कर एक सराहनीय पहल की। इस अवसर पर वेलनेस कोच अमित रंजन ने कहा स्वस्थ जीवनशैली के लिए केवल शरीर की देखभाल पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें अपने पर्यावरण को भी स्वच्छ और हरा-भरा बनाना होगा। पौधरोपण इस दिशा में सबसे सरल और प्रभावी कदम है।

## झामुमो नेता गोपाल यादव पंचतत्व में हुए विलीन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता गोपाल यादव सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। सोमवार को इंदरवा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनका दो दिन पहले हैदराबाद में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके आवास पर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, महेंद्र वर्मा, महावीर यादव, झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य कमल नयन सिंह, जिला अध्यक्ष बिरेंद्र पांडेय, पवन माईकल कुजूर, संजय पांडेकय, इस्लाम अंसारी, उमेश राम, श्यामदेव यादव, कुदुस अंसारी, शैलेन्द्र सिंह, रामचंद्र सिंह धटवार, संजय साजन, तारणी सिन्हा, अशोक सिंह, असरफ अंसारी, छोटू यादव, कामेश्वर भारती, प्रभाकर तिवारी, खलिल अंसारी, निर्मला तिवारी, बेबी देबी, बैजनाथ मेहता, रविन्द्र शांडिल्य, मो. नौशाद समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान स्वर्गीय गोपाल यादव अमर रहे, पार्टी की ओर से अंतिम जोहार के नारे लगाये गये। इधर गोपाल यादव के निधन पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल ने कहा कि वह जनता के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने कई गांव में विद्युतीकरण कराया था और वह जनता के सुख-दुख में बराबर खड़े रहते थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित रविवार सोमवार की रात्रि लगभग 2 बजे जलवाबाद चौक के समीप सड़क दुर्घटना मे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान भूषण पांडेय (उम्र 27 वर्ष, पिता मनोज पाण्डेय, डोमचांच कालीमंडा, थाना डोमचांच निवासी) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार घायल युवक मोटरसाईकिल पर दो अन्य लोगों को सवार कर तिलैया रेलवे स्टेशन पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान जलवाबाद चौक मे मोटरसाईकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर गया जिसमे चालक गंभीर रूप से घायल हो और दो अन्य लोग बच गये। वहीं घायल व्यक्ति को आनन - फानन मे सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर घायल को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज रिम्स रेफर कर दिया।

## प्रेरणा खुशी राणा ने नीट में पायी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** नीट (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की परीक्षा में प्रखंड के ग्राम रूपायडीह निवासी प्रेरणा खुशी राणा ने ऑल इंडिया में 5407 में रेंक प्राप्त किया है। प्रेरणा खुशी राणा ने 720 अंक में 570 अंक प्राप्त किया है। प्रेरणा खुशी राणा ने कहा कि सफलता पाने का कोई रास नहीं है यह छात्रों की तैयारी कड़ी मेहनत और सफलता से मिली सीट का परिणाम है इसके लिए व्यक्ति को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। प्रेरणा खुशी राणा ने प्रारंभिक शिक्षा 12 वीं की पढ़ाई कोलकाता से की है। वही नीट की तैयारी कोलकाता में पिता के साथ रहकर की है। प्रेरणा खुशी राणा ने बताया कि वह स्कूल के समय के अलावा 3 से 4 घंटा पढ़ाई करती थी। वह एम्स दिल्ली में दाखिला लेना चाहते है। उन्होंने बताया कि वह सोशल मीडिया से हमेशा दूर रही क्योंकि सोशल मीडिया हमेशा ध्यान भटकाने का काम करता है। उसने बताया कि खाली समय में रीडिंग करना उसे बहुत पसंद है। उसने सफलता का श्रेय माता प्रतिमा राणा, पिता उमाशंकर राणा के अलावे गुरुजनों को दिया है। प्रेरणा खुशी राणा के पिता आरपीएफ इंस्पेक्टर है। प्रेरणा खुशी राणा के सफलता पर केंद्रीय बाल और महिला विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, मुखिया गणपत यादव, पंसस धानेश्वर राणा, समाजसेवी बीरेंद्र यादव के अलावा विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार राणा, हीरामन मिस्त्री, रामचंद्र राणा, डॉ सुरेश कुमार राणा, मनीष राणा, अरुण राणा, राजेश राणा, अर्जुन राणा, पोखराज राणा, श्याम सुंदर राणा सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामना दिया है।

## गायत्री शक्ति पीठ में मासिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** गायत्री शक्ति पीठ झुमरीतिलैया में नारी सशक्तिकरण वर्ष के अंतर्गत मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के सैकड़ों परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किये गये कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। गोष्ठी में प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। गुरुपूर्णिमा पर्व आगामी 10 जुलाई को जिले के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही वर्षा ऋतु में पर्यावरण संरक्षण हेतु बरगद, पीपल, नीम और फलदार पौधों का सामूहिक रूप से अधिकाधिक संख्या में रोपण करने पर बल दिया गया। 2026 में माता भगवती के जन्म शताब्दी वर्ष पर शांतिकुंज द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर समयदानी कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने की योजना पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट दुर्घटना में 241 लोगों की दुखद मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईश्वर साव, महेश यादव, भीष्म गुप्ता, विशुन साव, त्रिभुवन राम, राज कुमार मेहता, रामस्वरूप विश्वकर्मा, श्यामसुंदर यादव, प्रकाश ठाकुर, विनय राणा, कैलाश पंडित, प्रदीप साव, सुभाष कुमार गुप्ता, शिव प्रसाद वर्णवाल, कुमकुम कुमारी, सुनीता भगत, रेखा वर्णवाल, गीता देवी, उषा देवी, विकास वर्णवाल, राजेश कुमार, प्रेम कुमार पंडित, दीपक पंडित, अंजनी देवी, कुंती वर्णवाल, मंजू कुमारी मंजुला, रेणु कुमारी, गणेश प्रसाद, बिनोद शर्मा, मनीषा मोदी, राजदीप प्रसाद, फुलवा देवी, दिनेश प्रसाद ठाकुर, अर्जुन प्रसाद मोदी, रत्नेश जायसवाल, महावीर यादव, सरयू प्रसाद, दुखी चौधरी, शिव कुमार वर्णवाल और परिव्राजक राजकुमार कुशवाहा और संतोष ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

## हजारीबाग कलाकार महोत्सव 2025 का हुआ भव्य आयोजन

# कलाकारों ने मचाया धमाल, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में 'कलाकार महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन नगर भवन में कला, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला । कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के खेलकूद, कला ,संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार,बतौर विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के साथ सम्मानित अतिथि के रूप में जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य विकास राणा शामिल । सभी अतिथियों ने मंच से कहा, ₹हजारीबाग की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। महोत्सव में नृत्य, संगीत, नाट्य, फैशन शो एवं पेंटिंग जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिले के उभरते कलाकारों ने मंच से अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों की तालियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के आयोजक हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को नशा और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखते हुए उन्हें कला और रचनात्मकता की ओर प्रेरित करना है। समूह नृत्य में जहां किंगडम ऑफ डांस, कलांगना नृत्य विद्यालय, समिष्ठा डांस और आर्ट एकेडमी, सांस्कृतिक विकास केंद्र, पुष्पदीप संगीत और नृत्य संस्था, नृत्य वाटिका डांस एकेडमी, कथक डांस एकेडमी, चंदन डांस ग्रुप, स्वर भारती म्यूजिकल एकेडमी के बच्चों ने अपने अपने नृत्य से लोगों को मोहा वही समूह गान में श्री मां संगीतयन, मां शारदे संगीत संस्थान, रागेश्री म्यूजिक एकेडमी, आदिशक्ति एकेडमी के प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अदिति शुक्ला, शैली राणा, हर्षिका साक्षी गुप्ता, सीमा गुप्ता, प्रिंस कुमार, सूरज दयाल, संजय कुमार सुभाष सेन, सुबोध आकाश, राजीव रंजन मिश्रा, शान सैयद, करण पांडे, कुमारी दित्या, शशिकांत सिन्हा उर्फ चुन्नू, प्रतिज्ञा, डॉ रंजन, एकता, सुरेंद्र सुदेश, वसीम अकरम, अरमान अलाम, मनोज पांडे आदि कलाकरों की एकल प्रस्तुति ने कार्यक्रम के जान डालने का काम किया । इस दौरान प्रसिद्ध रंगकर्मी तापस चक्रवर्ती, राकेश सिन्हा और प्रदीप सेन गुप्ता को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच संचालन संयुक्त रूप से ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक और मनोज सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में विजयश्री सपना कंस्ट्रक्शन, ओम आरोहण के संस्थापक और भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, एम डी एम सैलून, थरुनिका बुटीक, आश्रय फाउंडेशन, सावंत इंटर कालेज, कलकत्ता हेचरी, जानू राज फिल्म एंड टेलीविजन का बतौर प्रायोजक विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक जानकी यादव, कमल नयन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हरि श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, मनोज गिरी और बटेश्वर मेहत, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मनोज नारायण भगत के साथ-साथ जिले के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षकगण व पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया गया।

## प्रवासी मजदूर रामेश्वर की कुवैत में मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत विदेशों में लगातार बढ़ती ही जा रही है, इसी कड़ी में प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत बंदखारो गांव के मदन महतो के 38 वर्षीय पुत्र रामेश्वर महतो की मौत कुवैत में 15 जून को नौ बजे रात्रि में हो गया। बताते चले कि रामेश्वर महतो इंको कंपनी में बीते 10 वर्षों से लगातार कार्यरत थे, और बीच-बीच में घर आना-जाना लगा रहता था। जानकारी के अनुसार बताया जाता हैं कि उनकी तबीयत अचानक बिगड़ जाने और उच्च रक्तचाप बढ़ जाने से मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र किशोर कुमार उम्र 18 साल, कुलदीप कुमार 13 वर्ष, मृतक के मां डलवा देवी को छोड़कर चल बसे प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो की कुवैत में निधन से आहत हुए समाजसेवी चंद्रनाथ भाई पटेल ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के लिए कोई पहल नहीं कर रही है, जिसको लेकर प्रवासी मजदूर काम के सिलसिले मे विदेश जाने को मजबूर है। साथ ही एक-एक करके मौत की गाल में समाते जा रहे है। प्रवासी मजदूरों की रोजगार झारखंड सरकार यही पर मुहैया कराये ताकि मजदूरों को काम को लेकर विदेश जाने पर मजबूर नहीं होना पड़े। साथ ही श्री पटेल ने कहा कि बीते कई वर्षों तक मृतक रामेश्वर महतो इंको कंपनी में सेवा दी हैं, वह घर का इकलौता कमाव व्यक्ति था। उन्होंने कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की हैं। साथ ही विदेश मंत्रालय से शव उनके पैतृक गांव भेजने की अपील की हैं। वही मृतक के घर पहुंचकर पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो, समाजसेवी नारायण महतो, दौलत महतो समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन का प्रखंड कमेटी का विस्तार रुकमणी भवन बड़कागांव में जिला अध्यक्ष कैलाश साव की अध्यक्षता और युवा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार के संचालन में किया गया। कार्यक्रम में बातौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साव, विशिष्ट अतिथि प्रमोद साव रांची जिला अध्यक्ष, हजारीबाग जिला अध्यक्ष कैलाश साव, जिला उपाध्यक्ष अशोक साव, युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार और अन्य अतिथियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन के लिए अध्यक्ष पद के पदूम साव, जानकी साव, दिनेश साव तीन व्यक्ति का नाम आया जिसमें दो लोगों ने स्वेच्छा से नाम वापस लिया और सर्वसम्मति से जानकी साव को अध्यक्ष, डुभन साव महासचिव, सचिव मुकेश कुमार साव, प्रखंड युवा अध्यक्ष मिथलेश कुमार साव, वहीं जिला मंत्री पदूम साव, युवा जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साव उर्फ दिपू साव को नियुक्त किया गया। वहीं अतिथियों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला संरक्षक कौलेश्वर साव, अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, पुर्व अध्यक्ष धनू प्रसाद निराला, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन साव, कोषाध्यक्ष निरंजन साव, बेचन साव, दिनेश साव, मिथलेश कुमार साव, विनय साव, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, प्रेम साव, राजकिशोर साव, कोमलचंद साव, कजरु साव, बाबुलाल साव और अन्य दर्जनों समाज के बुद्धिजीवी गण मौजूद थे।

## बच्चों ने खराब फल देने की शिकायत की

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोचनपुर स्थित विद्यालय के बच्चों ने मध्यान भोजन में गड़बड़ी और खराब फल देने की शिकायत को लेकर सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। बच्चों के साथ स्थानीय ग्रामीण और महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्कूल में खराब व सड़े हुए फल बच्चों को दिए गए, वहीं भोजन की गुणवत्ता खराब रहती है। इस सम्बंध में कोडरमा डीएसई को भी ज्ञापन सौंपा गया है।

www.epaper.azadsipahi.in
17 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 237

रॉबर्ट वाड्रा को इडी ने आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया



## गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी किया

# पहला फेज अक्टूबर-26 से चार राज्यों में, अन्य राज्यों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दी है। केंद्र सरकार दो फेज में जातीय करायेगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक पहले फेज की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें चार पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

दूसरा फेज 1 मार्च 2027 से शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी।

**केंद्र सरकार ने अप्रैल में जातिगत जनगणना का एलान किया था :** बताते चलें कि केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी।




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जायेगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं।

देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

**जातियों की गिनती के लिए एक्ट में संशोधन करना होगा :** जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आयेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार 1,270 एसीस, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थी।

# इजराइल-इरान जंग के बीच 1500 भारतीय विद्यार्थी फंसे

- इरान से आर्मेनिया के रास्ते लौटेंगे भारतीय छात्र
- इरान बोला, बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच इरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। सूत्रों के मुताबिक भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए इरान में



आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जायेगा। इरान में 1,500 विद्यार्थी सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। इरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं लेकिन जीमीनी बॉर्डर खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को इरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिए इरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। उधर, इरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें इजराइल के आठ लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

# साइप्रस ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

## जी 7 में हिस्सा लेने प्रधानमंत्री कनाडा रवाना

- अब तक 21 देश कर चुके सम्मानित

एजेंसी

**निकोसिया।** साइप्रस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस।।।' से नवाजा गया। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें यह सम्मान दिया। इससे पहले मोदी का प्रेसिडेंशियल पैलेस में स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक हुई। मोदी और निकोस ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस भी किया। राष्ट्रपति निकोस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ होने की बात कही। मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे थे। सोमवार शाम प्रधानमंत्री जी-7 समिट में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हुए।



### साइप्रस आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा : निकोस

राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा कि हमने द्विपक्षीय संबंधों, भारत-यूरोपीय संघ के रिश्तों और इंडिया-मीडिल इस्ट-यूरोप इकोनोमिक कॉरिडोर (आइएमइइसी) पर भी बात की। साइप्रस-तुर्किये मुद्दे और साइप्रस के पुनःएकीकरण भी चर्चा में शामिल रहा। साइप्रस किसी भी तरह के आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है।

### 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं साइप्रस सरकार का और साइप्रस के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा का सम्मान है। प्रेस कांफ्रेंस में मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की मजबूत नींव है। भारत और साइप्रस के बीच रिश्ते न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही ये सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि साइप्रस लंबे समय से हमारा भरोसेमंद साझेदार रहा है और यहां से भारत में काफी निवेश हुआ है। कई भारतीय कंपनियां भी साइप्रस आयी हैं और एक तरह से साइप्रस को यूरोप के प्रवेश द्वार के रूप में देखा है। आज आपसी व्यापार 150 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

# विजय रूपाणी का हुआ अंतिम संस्कार

- गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि देने पहुंचे


आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद/राजकोट।** गुजराते के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का सोमवार को अंतिम संस्कार हुआ। गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल समेत कई नेता अतिंम संस्कार में शामलि हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। बताते चलें कि




रूपाणी का अहमदाबाद विमान हादसे में निधन हुआ था। डीएनए टेस्ट के जरिये उनके शव की पहचान हुई और सोमवार को उनका शव परिजनों को सौंपा गया। इसके बाद शव चार्टर्ड प्लेन के जरिए राजकोट लाया गया। पुलिस सुरक्षा के बीच रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके राजकोट वाले घर प्रकाश सोसाइटी (निर्मला रोड) लाया गया। यहां करीब एक घंटे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। इसके बाद रामनाथ परा श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार हुआ।

**74 शव परिजनों को सौंपे गये :** बताते चलें कि 12 जून को एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट एआइ-171 (787-8 बोइंग ड्रीमलाइनर) उड़ान के कुछ देर बाद ही क्रैश हुई थी। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज ऐंड सिविल हॉस्पिटल के हॉस्टल की बिल्डिंग से टकरा गया था। इस हादसे में प्लेन में सवार 241 लोग (229 यात्री और 10 केबिन क्रू, 2 पायलट), हॉस्टल बिल्डिंग और बाकी 34 लोगों को मिलाकर 275 की मौत हुई है। जबकि प्लेन में सवार एक व्यक्ति जीवित बचा।












## पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाना युवक को पड़ा महंगा

कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। कुंदा थाना क्षेत्र के बरूराशरीफ में बीते एक सप्ताह पूर्व उर्स कार्यक्रम के मौके पर कुछ युवकों द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में नारा लगाने वाले युवक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही और बरूरा गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भरही निवासी अस्मतुल्लाह खान के पुत्र आदिल खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजनें की जानकारी दी है। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से देशद्रोह जैसे संगीन अपराध में सम्मिलित असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।

### अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के प्रथम स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

# समाजिक कुरीतियों को मिटाकर अपने बच्चों को शिक्षित बनाना है: विनोद किस्कू

**झारखंड, बंगाल सहित नौ राज्य के पंद्रह हजार से ज्यादा प्रतिनिधि हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के प्रथम स्थापना दिवस को लेकर सोमवार को शहर के बाजार टांड स्थित सिदो-कान्हो जिला मैदान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कू, केंद्रीय महासचिव दशई किस्कू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष दीपक टूडू सहित समाज के अन्य पदाधिकारियों ने चांद-भैरव और सिदो-कान्हों की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कू ने अपने हक और अधिकार के लिए संथाल समाज के लोगों से एकजूट होन का आह्वान करते हुए आगे बढ़कर आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें समाजिक कुरीतियों को मिटाकर अपने बच्चों को शिक्षित बनाना होगा, तभी समाजिक विकास संभव है। समारोह को केंद्रीय महासचिव दशई किस्कू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष दीपक टूडू सहित झारखंड, असम, मणिपुर, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, नेपाल, अरूणाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते समाज के लोगों से एकजूट होने का आह्वान किया। इससे पूर्व बाहर के राज्यों से आये प्रतिनिधियों को स्वागत समाज की महिलाओं ने परंपरागत ढंग से पैर धोकर किया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

**मौके पर ये थे उपस्थित**

मौके पर दिलीप हेमब्रोम, दिलीप मुर्म, राजेश मुर्मू, सुनील टुडू, नरेश हांसदा, सतीश मुर्मू, हेमंत मुर्मू, स्टीफन टुडू, मिका बेसरा, मनोज मुर्मू, नारायण मुर्मू, श्यामल टूडू, राममोहन मुर्मू, साजन टुडू, प्रमोद किस्कू, लालबाबू सोरेन, मुंशी मांझी, बालदेव मुर्मू, सुरेश किस्कू, बहाराम सोरेन, तालो हांसदा, शिवधन सोरेन, चंदन हेमरोम, धनीराम किस्कू, चंद्रदेव मरांडी, मोहन कुमार हांसदा, खेपन मूर्मू सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

## भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की सेल सेंटर में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की एक आवश्यक बैठक सोमवार को सेल सेंटर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता झरी मुंडा और संचालन दर्शन गंझू ने किया। बैठक में चारो राजस्व ग्राम के दर्जनों विस्थापित और पूर्व सेल समिति के दर्जनों लोगों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल प्रबंधन भुरकुंडा रोडसेल चालु करने को लेकर गंभीर नहीं है। बल्कि वह हमें बार-बार गुमराह करने का कार्य कर रही है। जबकि विस्थापित प्रभावित रोडसेल समिति लगभग सभी समस्याओं को सुलझा लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जून को पीओ कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और सभा के माध्यम से अपनी जनशक्ति से सीसीएल प्रबंधन को आगाह कराया जायेगा। यदि जून महीने से कोयला का ऑफर नहीं किया गया तो आगामी 24 जून से बलकुदरा खुली खदान का कोयला सम्प्रेषण पूरी तरह अनिश्चितकाल के लिए ठप कर दिया जायेगा। मौके पर संतोष मांझी, संजय मांझी, राणा प्रताप सिंह, विजय मुण्डा, प्रदीप मांझी, सुनिल बेदिया, अनिल एक्का, फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, अजय कुमार साहु, अभिजीत सोरेन, कुलदीप यादव, रोहित मुण्डा, रजलाल मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, नागेश्वर मुंडा, राजा यादव, शिवनारायण यादव, प्रेम कुमार साहु, गणेश बेदिया, हरिशंकर चौधरी, रमण शर्मा, मुकेश कुमार, रविन्द्र सिंह, अजय सिंह, सरोज झा, अमरेन्द्र प्रसाद, रोहित करमाली, तुला खान, बागेश करमाली, जुगल पासवान, अभय मेहता, अशोक तिवारी, संजय मिश्रा, रोबिन मुखर्जी, रावेल एक्का, राजाराम प्रसाद, योगेन्द्र यादव, बिरेन्द्र यादव, रामदास बेदिया, सुनील यादव, कपूर सिंह सहिज दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वासुदेव ऑटो लिमिटेड में न्यू अल्ट्रोज फील स्पेशल पंच लाइन लांच की



**कुजू (आजाद सिपाही)।** वासुदेव ऑटो लिमिटेड, रामगढ़ में सोमवार को न्यू अल्ट्रोज फील स्पेशल पंच लाइन के साथ लॉन्च किया गया। शोरूम में इंडियन बैंक की चीफ मैनेजर रितिका बटुला, चोला मंडलम के मैनेजर विकास कुमार, कोटक बैंक के जितेन्द्र, बंधन बैंक से सौरभ कुमार और एचडीएफसी के निखिल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर अनावरण किया। मौके पर सेल्स मैनेजर आलोक यादव ने बताया की अल्ट्रोज के इस नये मॉडल में पहले की तुलना में कई अतिरिक्त विशेषताएं जोड़ी गयी है। नई मॉडल फ्लश डॉर हैडल, इनफिनिटी टेल लैंप, 26.03 सेंटीमीटर, एचडी हरमन का इन्फोटेनमेंट सिस्टम, 360 डिग्री एचडी सराउंड व्यू सिस्टम, 6 एयरबैग, वॉयस असिस्टेड इलेक्ट्रिक सनरूफ शामिल है। इसे पांच वैरियन्ट कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इतनी सारी प्रीमियम सुविधाओं के बाद भी वाहन की शुरुआती कीमत मात्र 6.89 लाख से 9.99 लाख की बीच रखी गई है। मौके पर संतोष कुमार, मनीष शर्मा, प्रमोद पाठक, राहुल यादव, विक्की सिन्हा, उमेश यादव, ग्राहक राकेश शामिल रहे।

## मतदान केंद्रों के जिओ फेंसिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मतदान केंद्रों के जिओ फेंसिंग को लेकर सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी सहित बैठक में उपस्थित मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का जिओ फेंसिंग किया जाना है। इसे लेकर निर्धारित प्रक्रिया की विस्तार से सभी को उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी को जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को जिओ फेंसिंग के तहत किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के द्वारा सभी को बैठक के दौरान बताई जाने वाली बातों को ध्यानपूर्वक सुनने और किये जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह समझ लेने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने किसी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे अधिकारियों से समन्वय कर दूर कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामगढ़, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बड़कागांव, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, बीएलओ सुपरवाइजर्स, कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

# मरीजों को योजना से लाभांवित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान डीसी ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीजो को रेफर किये जाने संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिना किसी वैध कारण के किसी भी मरीज को रेफर नहीं करने का निर्देश दिया। डीसी ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

डीसी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की डीसी ने की समीक्षा:** संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने और संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं करे सुनिश्चित:** मौके पर डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि के लिए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, डीएलओ चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश**

कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने और समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक के सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## बेगामोड़ से सिरका तक बने रोड में हुआ घोटाला, प्रतिदिन हो रही है दुर्घटना: सिसोदिया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हिन्दू टाईगर फोर्स को रामगढ़ जिले के सिरका के ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गयी थी कि बेगामोड़ से सिरका तक बने रोड काफी गड़बड़ी है। इस नई रोड बनाने में भारी घोटाला हुआ और हर दिन दुर्घटना हो रही है। जिसके पश्चात हिंदू टाइगर फोर्स के सुप्रीमो दीपक सिसोदिया ने सोमवार को क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेगामोड़ से सिरका तक बने रोड में यह बड़ा घोटाला का मामला है। जिसमे लोगों की जान से खेलवाड़ किया गया है। इस नये बने रोड के कारण हर रोज दुर्घटना की खबर प्राप्त हो रही है और यह बहुत ही गंभीर विषय है। इस विषय को लेकर जल्द परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा और जिले के उपायुक्त से मुलाकात कर शिकायत की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में जो जो व्यक्ति है उनको उजागर किया जायेगा और ग्रामीणों के ओर से भी मिले शिकायत पत्र को दीपक बिरुवा को सौंपा जायेगा।

## जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में शत प्रतिशत लाभुकों का फेशियल रिकॉग्निशन, ई-केवाईसी, पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार उपस्थित बच्चों का पूरक पोषाहार वितरण, बच्चों के बीच एचसीएम और स्नैक्स खाते हुए जिओ टैग फोटो, ग्रोथ मॉनिटरिंग को शत प्रतिशत अगले माह से पूरा करना, गृह भ्रमण, एमटीसी ऑक्युपेंसी, 18-19 वर्ष उम्र की किशोरी के लिए सावित्री बाई फुले योजना का आवेदन, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना का लक्ष्य, शत प्रतिशत सेविका सहायिका और पोषण सखी का आयुष्मान कार्ड बनाना, प्रत्येक माह सीडीपीओ के द्वारा 5 और महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा 15 आंगनबाड़ी के साथ 10 (भीएचएसएनडी) ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस विभिन्न पंचायत में भ्रमण करते हुए जिओ टैग फोटोग्राफ्स के साथ शेयर करना, नेटवर्क विहीन वाले क्षेत्र में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का चिन्हित कर प्रतिवेदन देना, आंगनबाड़ी केंद्रों के संपूर्ण मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, भवन और किचन का सुदृढ़ीकरण का प्रतिवेदन के साथ संबंधित विभाग को कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों से पूरक पोषाहार का अभिश्रव और सेविका, सहायिका और पोषण सखी की अनुपस्थिति विवरणी जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना समेत अन्य विषयों पर समीक्षा की गयी। पोषण ट्रैकर के सारे इंडिकेटर्स में प्रत्येक माह चतरा जिला का रैंकिंग राज्य में एक से पांचवे स्थान पर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, शंभू बड़ाईक, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, समर अभियान चतरा, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, और सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

संख्या: RP/ECR/DNR/TRL/RJB
दिनांक- 12.06.2025

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection, testing & commissioning and modification of 132 KV D/C 3-phase transmission line from CTPS/GSS to RAJABERA/TSS under CEE/Project office of East Central Railway, 2. कार्य का अनुमानित लागत : रूपये 41445640.79/-, 3. निविदा फार्म की किमतः रूपये 0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : रूपये 357200.00/-, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक-23.06.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय-दिनांक 07.07.2025 को 15:00 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in, वेवसाइट पर देखा जा सकता है।, 7. पता एवं अन्य जानकारी: मुख्य विद्युत अभियंता / रेल परियोजना / दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट-खगौल जिला-पटना, पिन-801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/0407/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25-26/36


# सांसद ने दो अग्निवीरों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह कौलेश्वरी स्टेडियम परिसर हंटरगंज में जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट एंड डिफेंस एके-डमी' द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह ने राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद ने जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट एंड डिफेंस एकेडमी' डायरेक्टर दीपक की देखरेख में तैयारी कर अग्निवीर के लिए चयनित हुए दो युवाओं आकाश और शुभम को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये युवा हमारे क्षेत्र व देश के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है बस हमें संघर्ष करने की जरूरत है। इन युवाओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल की है, जो हम सभी लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दोनों अग्निवीरो को तन मन से देश सेवा करने को कहा। साथ ही क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना व अन्य सैन्य बलों की भर्ती के लिए तैयारी कराने वाले प्रशिक्षक दीपक के कार्यों की सराहना की। कहा आज बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। उन्हीं में से दीपक भी एक हैं। इसके अलावा भी कई वक्ताओं ने सभा को संबोधित कर दोनों अग्निवीरों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में अकादमी के संचालक दीपक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ युगल सिंह, डिग्री कॉलेज के प्रचार्य प्रो जैनेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि रोशन कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधी बेचन पासवान, ललन सिंह, सेवानिवृत शिक्षक रणविजय सिंह, प्रो फखरुद्दीन अंसारी, गोपाल सिंह, विनय सिंह, के अलावा अन्य लोग शामिल थें।



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 514 दिनांक 25.04.2025 के अनुसार, मैं सविता देवी (SAVITA DEVI), उम्र-32 वर्ष, पति-अशोक यादव, धर्म-हिन्दू, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी ग्राम - बगडो, पोस्ट - बगडो, थाना- डोमचाँच, जिला कोडरमा, झारखण्ड, शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा जन्मतिथि 01.01.1968 ई० है। 3. यह कि मेरा आधार सं0-2504 6448 9444, एवं सभी प्रमाण पत्र में मेरा नाम सविता देवी (SAVITA DEVI), है जो सही वो सत्य है। 4. यह कि एक बचत खाता सं0- 481710100012660 बैंक ऑफ इण्डिया, ब्रांच डोमचाँच, जिसमें मेरा नाम सावित्री देवी (SAVITRI DEVI), है जो गलत है। 5. यह कि मेरा मूल नाम सविता देवी है जो सही है। यह कि मैं सविता देवी (SAVITA DEVI), उर्फ सावित्री देवी (SAVITRI DEVI), दोनों नाम से जानी वो पहचानी जाती हूँ तथा दोनों नाम का एक ही महिला हूँ जो मैं ही हूँ। 7. यह कि यह शपथ पत्र मैं बैंक ऑफ इण्डिया, ब्रांच डोमचाँच में दर्ज नाम सावित्री देवी (SAVITRI DEVI), के जगह सविता देवी (SAVITA DEVI), शुद्धि करने हेतू बनायी हूँ।


# आनंद साई दरबार का 15वें स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक, तैयारी अंतिम चरण में

**24 जून को भव्य पालकी यात्रा के साथ समारोह का होगा शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** शहर के गोला रोड राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार कमेटी की बैठक रविवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अमित कुमार सिन्हा और संचालन मनोज मंडल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अमित कुमार सिन्हा ने बताया की आनंद साईं दरबार का 15 वां स्थापना दिवस धूमधाम से और भव्य तरीके से मनाया जायेगा। बताया कि स्थापना दिवस समारोह के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें, प्रथम दिन 24 जून को अपराह्न 3 बजे मंदिर परिसर से भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जायेगा। बताया की पालकी यात्रा के लिए आनंद साईं दरबार कमेटी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग अलग लोगों को जिम्मेवारी दी गयी है। जिसमें प्रशासनिक कार्य के लिए अमित कुमार सिन्हा, पालकी यात्रा हेतु गोलू, बसंत और सन्नी साव, पानी की व्यवस्था के लिए मनोज कुमार ठाकुर, बर्तन के लिए सन्नी सिन्हा और गोलू, पालकी यात्रा की व्यवस्था के लिए छोटन और अरुण कुमार महतो को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। बताया की स्थापना दिवस के दूसरे दिन 25 जून को पूजन और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। वहीं, तीसरे दिन 26 जून को भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन अजीत जायसवाल ने दिया।

बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से नंदकिशोर गुप्ता, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अरुण कुमार महतो, रोहित गुप्ता, राजेश कुमार, छोटन सिंह, अविनाश, धनंजय कुमार पुटूस, सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा, संजय सिन्हा, बिनोद साव, बसंत कुमार, राजेश पांडे, दीपू अग्रवाल, उमेश सिंह, पंकज ठाकुर, अनिल साव, शीतल सिंह, रीता, सुनीता, संगीता, रूपा, अमिता सोनी, मल्लिका दत्ता, दीपक साव, उमेश कुमार, अविनाश कुमार, शैलेन्द्र ठाकुर, विरेंद्र कुमार, राजू कैंथ, रामप्रवेश, विनोद, पवन सोनी, राजेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सोलर प्लेट चोरी के आरोप में युवक को भेजा गया जेल

कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के काशीलौंग गांव के युवक को कुंदा पुलिस ने सोलर पलेट चोरी के आरोप में जेल भेजा दिया। पुलिस ने बताया की आरोपी जीतू कुमार पिता महेंद्र भारती ग्राम - काशीलौंग के पास से एक सोलर पलेट भी बरामद किया गया है,साथ ही अन्य अभियुक्तों के धर-पकड़ के लिये पुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है।


**कार्यालय-जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा**
**(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा)**

**आवश्यक सूचना**

केन्द्र प्रायोजित PM-KUSUM योजना वर्ष 2023-24 अन्तर्गत चयनित कृषक अपना शपथ-पत्र जन-प्रतिनिधि, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से सत्यापन कराते हुए दिनांक 30.06.2025 तक श्री विनोद कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, अनुमण्डल कृषि कार्यालय, चतरा को उपलब्ध कराना सुनिशिचित् करें। निर्धारित तिथि के बाद शपथ-पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR.NO.355133 Agriculture(25-26):D





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.5 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 जून, 2025
www.azadsipahi.in




## भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक

# विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचायें : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय, हरमू रोड रांची में भाजपा किसान मोर्चा की एक अहम संगठनात्मक बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विकसित भारत का अमृतकालः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर केंद्रित रही।




बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी थे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री अजय मुंडा ने किया।बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडलीय प्रभारी, सोशल मीडिया, मीडिया, आइटी सेल, प्रवक्ता, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुचाये किसान मोर्चा। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में जुटा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं। श्री मरांडी ने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक विकास का एजेंडा नहीं, बल्कि हर भारतीय के सपनों और अधिकारों का प्रतिबिंब है।

### 11 संकल्प को धरातल पर उतारे मोर्चा: कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत हेतु प्रस्तुत पांच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और नागरिक कर्तव्यों का पालन, देश को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 संकल्प जैसे कर्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, महिला नेतृत्व में विकास, वंशवादी राजनीति का अंत, आरक्षण की सुरक्षा आदि, भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के दृढ़ संकल्प हैं।

### सभी प्रखंड कार्यालयों में 24 को प्रदर्शन करेगा मोर्चाः पवन साहू

प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि झारखंड में भाजपा किसान मोर्चा ने घोषणा की कि किसानों की समस्याओं को लेकर 24 जून को प्रदेश के सभी प्रखंड कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

इस संगठनात्मक बैठक में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, विनोद ठाकुर, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

# जमीन घोटालाः सहायक निबंधन आइजी, डिप्टी रजिस्ट्रार समेत चार पर चलेगी विभागीय कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रजिष्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार के मामलों पर अब कार्यवाही प्रारंभ हुई है। सरकार ने ऐसे चार अधिकारियों को चिह्नित किया है जिनपर निबंधन कार्यालयों में पदस्थापन अवधि में गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में कार्यरत सहायक निबंधक महानिरीक्षक-1 मुख्यालय संतोष कुमार भी हैं। इनके खिलाफ धनबाद जिला में अवर निबंधक के पद पर रहते हुए कई आरोप लगे थे। उपायुक्त धनबाद ने 12 जुलाई 2023 को प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की है। यह बात सामने आयी है कि इनके पदस्थापन अवधि में निबंधन के क्रम में कागजातों का विधिवत सत्यापन नहीं करने, प्रश्नगत भूमि के निबंधन के दस्तावेज सत्यापन को गंभीरता से नहीं लेने, दस्तावेज जांच एवं भू-विवरणी का सत्यापन भी विधिवत तरीके से इन्होंने नहीं किया। पूरे मामले पर भू-राजस्व विभाग ने अपने स्तर से जांच करायी। प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। इसके बाद रिटायर आइएएस इकबाल आलम अंसारी को विभागीय जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच के बाद आरोपी पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी।

**डिप्टी रजिस्ट्रार श्वेता कुमारी पर भी गंभीर आरोप**

राज्य सरकार ने तत्कालीन जिला अवर निबंधक धनबाद शवेता कुमारी पर भी विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया है। श्वेता कुमारी अभी उप निबंधन महानिरीक्षक मुख्यालय, भू-राजस्व विभाग में कार्यरत हैं। उनके खिलाफ भी निबंधन के कागजातों का विधिवत सत्यापन नहीं करने, प्रश्नगत भूमि के निबंधन के दस्तावेज सत्यापन को गंभीरता से नहीं लेने, दस्तावेज जांच एवं भूमि-विवरणी का सत्यापन, संवेदनशील मामलों के लिए लागू नियम-प्रावधान नहीं करने का आरोप है। रिटायर आइएएस इकबाल अंसारी को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है।

**सुजित कुमार पर भी चलेगी विभगीय कार्रवाई**

जमीन घोटाले में आरोपी तत्कालीन जिला अवर निबंधक गोविंदपुर धनबाद सुजित कुमार पर भी विभागीय कार्रवाई चलेगी। अभी सुजित कुमार निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल चाइबासा के पद पर कार्यरत हैं। इनके खिलाफ निबंधन के कागजातों का विधिवत सत्यापन नहीं करने, प्रश्नगत भूमि के निबंधन के दस्तावेज सत्यापन को गंभीरता से नहीं लेने, दस्तावेज जांच एवं भूमि-विवरणी का सत्यापन, संवेदनशील मामलों के लिए लागू नियम-प्रावधान नहीं करने का आरोप है। डीसी धनबाद की अनुशंसा पर इनके उपर भी विभागीय कार्रवाई चलायी जायेगी। धनबाद के गोविंदपुर निबंधन कार्यालय कार्यरत तत्कालीन जिला अवर निबंधक मिहिर कुमार पर भी विभागीय कार्रवाई चलायी जायेगी। उनपर पर भी कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं।










## झारखंड गौ सेवा आयोग की 19 से दो दिवसीय कार्यशाला

# उभरती चुनौतियों और संभावनाओं पर होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में आगामी 19 और 20 जून 2025 को पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी है। कार्यशाला का आयोजन पशुपालन भवन हेसाग हटिया में किया जायेगा। झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से वक्ता और प्रतिनिधि भाग लेंगे।



यह कार्यशाला गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के दृष्टिकोण से झारखंड राज्य में नीति निर्धारण के दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। प्रसाद सोमवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। प्रसाद ने कहा कि यह कार्यशाला गौ सेवा के महत्व वर्तमान चुनौतियों एवं संभावनाओं पर देश के प्रख्यात वक्ताओं के विचारों को सुनने और समझने का अवसर मिलेगा। इससे प्रदेश के गौ पालक, गौशाला संचालन में लगी समितियों और इस क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों को लाभ मिलेगा। इस दो दिवसीय कार्यशाला के मंथन से निकलने वाले सकारात्मक विचारों से भविष्य में हमारी गौशालायें आत्मनिर्भर बनेंगी साथ ही साथ झारखंड राज्य की गौ संरक्षण एवं संवर्धन नीति और अधिक सशक्त सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में भाग लेने के लिए मुख्य रूप से सुनील मानसिंह, डॉ वल्लभभाई कथीरिया, डॉ सत्यप्रकाश वर्मा, देवाराम पुरोहित, मदन कुशवाहा, सिद्धार्थ जायसवाल, डॉ आर के पुंडीर, डॉ अखिलेश पांडेय, डॉ एस के मित्तल, मनोज कुमार, अजय भरतिया, सुदर्शन विश्वास शामिल होंगे। राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन सत्र में विभागीय सचिव अबु बक्कर सिद्दिकी और निदेशक पशुपालन किरण पासी भी शामिल रहेंगी। झारखंड गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण और गौ माताओं के संरक्षण के नाम पर सिर्फ राजनीति लाभ लेने की प्रवृत्ति से ये सारे कार्य उपेक्षित रहे। वर्तमान सत्ताधारी गठबंधन की संवेदनशीलता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज आयोग की पहचान सिर्फ अनुदान देनेवाली संस्था के स्थान पर राज्य के समग्र विकास में सहभागिता निभाने वाली संस्था के रूप में बनी है। हमें पूरी उम्मीद है की इस दो दिवसीय मंथन से जरूर अमृत निकलेगा जिसका लाभ राज्य को मिलेगा। इस अवसर पर सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा एवं पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।


































## हेसो जंगल में बाघ की सूचना से दहशत, तीन मवेशियों को बनाया शिकार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी के लाली पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती हेसो जंगल क्षेत्र में बाघ या संभवतः चीता के हमले की आशंका से राजधानी से सटे बुंडू-नामकुम सीमा पर दहशत फैल गयी। सोमवार को ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में चर रहे तीन मवेशियों को किसी जंगली जानवर ने मार डाला है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि आरती कुजूर समेत वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। प्रथम दृष्ट्या में घटना बाघ या चीता जैसे हिंसक जानवर के हमले का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर जगह-जगह बाघ या चीते के पंजे का निशान मिले हैं। तीनों मवेशियों के शरीर पर नाखून और पंजे के झपटे देखे जा सकते हैं। इसे देखकर ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। आरती कुजूर ने बताया कि ग्रामीणों ने रात में जानवरों की दहाड़ने जैसी आवाजें सुनी गयी थीं। संभावना है कि उक्त जानवर ने ही इन हमलों को अंजाम दिया है। उन्होंने घटना के बाद ग्रामीणों को समझाने और सतर्कता बरतने की सलाह दी। वन पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही क्षेत्र में गश्ती बढ़ा दी गयी। शाम के बाद जंगल की ओर न जाने और मवेशियों को चराने के दौरान समूह में ले जाने का आग्रह किया गया। घटनास्थल पर आरती कुजूर, लाली पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी, सुरेंद्र महतो, वार्ड बीरबल मुंडा, खिजरी उपमुखिया सुजीत सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।



# विमान हादसा : बड़े सुधार की जरूरत

अहमदाबाद में हुए भीषण एयर इंडिया विमान हादसे ने आम देशवासियों की संवेदनाओं को तो झकझोरा ही है, देश में एविएशन सेफ्टी से जुड़ी पूरी व्यवस्था को ढंग से खंगालने और खामियों को दूर करने की जरूरत भी रेखांकित कर दी है।

**सुरक्षा पहलुओं पर जोर:** इस जरूरत को महसूस करते हुए ही सरकार ने हादसे के दो दिन बाद केंद्रीय गृह सचिव की अगुआई में एक कमिटी बनायी है, जो सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की बारीकी से पड़ताल करेगी। ध्यान रहे, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) पहले ही इस हादसे की जांच शुरू कर चुका है। अमेरिकी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड भी इस जांच में हिस्सेदारी कर रहा है, क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बनाया था। ब्रिटिश एएआइबी टीम भी इस जांच में सहयोग कर रही है। इस सबके बावजूद, इनसे अलग केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में यह विशेष जांच टीम गठित की गयी है।

**गंभीर नजरिया:** जांच टीम में सिविल एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए और सिक्यॉरिटी रेगुलेटर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यॉरिटी (बीसीएएस) के प्रमुखों के साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त सचिव स्तरीय अफसरों का शामिल होना बताता है कि सरकार इस समिति से गंभीर और बड़े बदलावों वाली सिफारिशों की अपेक्षा करती है। समिति के लिए डेडलाइन भी तीन महीने का ही तय किया गया है, जो इस मामले की अर्जेंसी बताता है।

**एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) पहले ही इस हादसे की जांच शुरू कर चुका है। अमेरिकी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड भी इस जांच में हिस्सेदारी कर रहा है, क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बनाया था।**

**फलता-फूलता सेक्टर:** दो बड़ी वजहें हैं, जो सरकार के इस रुख को आवश्यक बनाती हैं। पहली बात तो यह कि देश का एविएशन मार्केट यात्रियों की संख्या के लिहाज से दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। एयर कार्गो के लिहाज से यह छठा सबसे बड़ा मार्केट है। यही नहीं, हाल के वर्षों में हुए इन्फ्रा ग्रोथ और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को ध्यान में रखें तो इस क्षेत्र का आने वाले वर्षों में और तेजी से विस्तार होना तय लगता है।

**सुरक्षा चूकों का मसला:** दूसरी बात यह है कि अहमदाबाद हादसे को छोड़ दें तो बीच-बीच में छोटी-मोटी घटनाएं होती रही हैं, जिनसे सुरक्षा संबंधी चूकों और लापरवाहियों का पता चलता है। मिसाल के तौर पर, पिछले साल ही बीसीएएस ने इंडिगो को एविएशन सिक्यॉरिटी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाकर उस पर जुमार्ना लगाया था। एयर इंडिया भी कई लंबी दूरी के रूटों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के मामले में दंडित हुई थी। जाहिर है, देश में सिविल एविएशन सेक्टर की सक्सेस स्टोरी को कानून की कमियों या अमल की गड़बड़ियों की भेंट नहीं चढ़ने दिया जा सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नये ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाये जा रहे हैं।**

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी...!



नितिन गडकरी




साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आयी है। इस दिशा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है।

पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

**आने वाले वर्षों में भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा।**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नये ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाये जा रहे हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गयी है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है।

भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, उड़ने वाली बसों का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जायेगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ. 30 सेकंड के लिए रुकेगी।

ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की जरूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आइआइएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किये गये एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9% और कार की बिक्री में 10.4% की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किये गये काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार के कई अवसरों का भी सृजन किया है।

**कुछ ध्यान देने योग्य आंकड़े:** 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60% बढ़ कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किमी/दिन से बढ़कर 28-30 किमी/दिन हो गयी है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्स की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

गति शक्ति और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएं शुरू की गयी हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफर केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है।

पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके।

अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं, क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।

**(लेखक : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस पर कार्यक्रम

# डालसा घरेलू कामगारों को उपलब्ध करायेगी कानूनी सहायता : धर्मेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं व्यक्तित्व विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मानगो के पृथ्वी पार्क में घरेलू कामगारों के अधिकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि व्यक्तित्व विकास संस्थान के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल,सम्मानित आथिति मानगो नगर निगम के सीओ पुष्पा टोप्पो, झारखंड घरेलू कामगार यूनियन की सुलोचना एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय तिवारी मौजूद रहे। डालसा के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा किसी भी कानून का लाभ अथवा सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सबसे पहले जागरूक होना जरूरी है। जब तक महिलाएं जागरूक नहीं होंगी, तब तक वह अपने अधिकार से वंचित रहेंगी। उन्होंने महिलाओं से जागरुक होकर उत्पीड़न एवं दमन का विरोध करने की अपील की। साथ ही कानूनी सहायता के लिए डालसा से संपर्क करने की अपील की। घरेलू कामगार महिलाओं को जागरूक करने तथा उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में काम करने वाली संस्था झारखंड घरेलू कामगार यूनियन की स्टेट को-ऑर्डिनेटर सुलोचना ने कठिनाइयों की चर्चा की। वहीं पुष्पा टोप्पो ने महिला समूह निर्माण के तौर तरीके तथा सरकार से लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता विजय तिवारी ने घरेलू कामगार महिलाओं की पीड़ा बतायी तथा उन्हें जागरूक करने पर बल दिया। इससे पहले व्यक्तित्व विकास संस्थान के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने व्यक्तित्व विकास संस्थान एवं डालसा की गतिविधियों से अवगत कराया।

संस्थान के सचिव मनोज कुमार ने स्वागत भाषण दिया और घरेलू कामगारों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर ममता, लक्ष्मी, सरस्वती देवी, चंदा देवी, पदमा, कमला, उर्मिला पांडे, रविंद्र सिंह, शीला नामता, शमा परवीन, मोहम्मद यूनुस, मोतीलाल, सुनील पाण्डे समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### जन सुविधा मंच के प्रदर्शनकारी पर एफआइआर दर्ज करने का विरोध

# एसएसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जन सुविधा मंच के बैनर तले शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान साकची थाना में दर्ज एफआईआर के विरोध में विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने एसएसपी से मुलाकात की।सोमवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदर्शन में शामिल नागरिकों, युवाओं व महिलाओं पर की गई एफआईआर को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और निष्पक्ष जांच की मांग की। गुंजन यादव ने आरोप लगाया साकची थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों द्वारा हाथ में लिए गए तिरंगे झंडे को हरवे-हथियार बताकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया।उन्होंने कहा पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण था,जिसकी मीडिया कवरेज, सीसीटीवी और इलेक्ट्रॉनिक फुटेज उपलब्ध है। यदि किसी के हाथ में हथियार साबित हो, तो वे स्वयं दंड भुगतने को तैयार हैं।एसएसपी से उन्होंने मांग की इस प्रकरण की जांच किसी वरीय और सक्षम अधिकारी से कराई जाये, ताकि सच्चाई सामने आ सके। एसएसपी ने मामले को समझते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

### समर्पण संस्था के छठा स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं-सांस्कृतिक कार्यक्रम



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था समर्पण का छठा स्थापना दिवस बागबेड़ा नया बस्ती स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सोमवार को संस्था के अध्यक्ष विभूति जेना के नेतृत्व में मुख्य अतिथि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, मुखिया गौरी टोप्पो, उप मुखिया मुकेश सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के द्वारा संयुक्त रूप से केक कटिंग कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।मौके पर बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। वहीं बालिकाओं ने आदिवासी नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता की झलक पेश की। बच्चों के लिए चित्रकला, पर्यावरण और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बच्चों के बीच बिस्कुट, चॉकलेट और टोपी भी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सरदार शैलेंद्र सिंह ने संस्था को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक कार्यों की सराहना की।हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा समर्पण संस्था द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से मानव सेवा उत्तम उदाहरण है।संस्था के अध्यक्ष विभूति जेना ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा जरूरतमंदों तक हर संभव मदद पहुंचाना ही समर्पण का मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर संस्था के सचिव कुमुद शर्मा, मनीषा शर्मा, रिंकी, रंजू, श्रवण, चंदन, हरप्रीत, सोनू, सूरज, अंकित, पीटर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुमुद शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन मनीष शर्मा द्वारा किया गया।

### सरकारी वन भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत शांतिनगर में भू-माफियाओं का बोलबाला तेजी से बढ़ता जा रहा है।सरकारी वन भूमि की खुलेआम खरीद-बिक्री और उस पर हो रहे अवैध निर्माण ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया।स्थानीय सूत्रों के अनुसार वन विभाग और जिला प्रशासन की मिलीभगत से सरकारी जमीन को प्रत्येक कट्ठा 1 से 2 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। आरोप है इस अवैध धंधे में नीचे से लेकर ऊपर तक संबंधित अधिकारियों और प्रभावशाली सफेदपोशों की सांठगांठ शामिल होने की उमीद है। वन भूमि को निजी संपत्ति की तरह बेचा जा रहा है, जिस पर कुछ लोगों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया। क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनती जा रही है।खूनी संघर्ष की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता। इस पूरे प्रकरण में वन विभाग के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कई बार प्रशासन और वन विभाग को शिकायत दी गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।विशेषज्ञों का मानना है यदि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो निकट भविष्य में शांति नगर की पूरी वन भूमि अवैध कब्जे में चली जाएगी और प्रशासन केवल मूकदर्शक बनी रह जाएगी। स्थानीय समाजसेवियों ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ताकि वन भूमि की बचाव और माफियाओं पर लगाम लग सके।

### पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष का पुनर्गठन

# रंजन कुमार ठाकुर को पुनः कमान नौ मंडल अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन अभियान के तहत जमशेदपुर ग्रामीण प्रखंड कांग्रेस कमिटी का पुनर्गठन किया गया। सोमवार को वर्तमान अध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ऊर्फ आशीष ठाकुर को पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के द्वारा औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पुनर्गठन के तहत प्रखंड अंतर्गत नौ मंडलों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गयी। नियुक्त हुए मंडल अध्यक्षों में परसुडीह मंडल नारायण डे, टाटानगर मंडल मनोज कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा, बागबेड़ा मंडल राजनारायण यादव, करनडीह-घाघीडीह मंडल रंजन सिंह, गदड़ा मंडल अनिरुद्ध कुमार पुरी, सुंदरनगर मंडल अजय महतो, गोविंदपुर मंडल नरेश गौरा, घोड़ाबांधा मंडल रुबी, एमजीएम ग्रामीण मंडल सरत चंद्र महतो शामिल हैं। सभी के बीच नियुक्ति पत्र वितरण कर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमिटी में उपाध्यक्ष और महामंत्री पद पर भी नयी नियुक्तियां की गयी, जिनके नामों की औपचारिक घोषणा शीघ्र की जायेगी। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आम जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद, महामंत्री मो. सगीर, महेंद्र पांडेय, राजेंद्र सिंह, अजय मंडल, सुरज मुंडा, राजेंद्र पांडेय, अपर्णा गुहा, ब्रजेंद्र कुमार तिवारी, अंकुश बनर्जी, मो चांद समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न 13 जुलाई को होगा महारक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के वर्ष 2025 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने की। प्रारंभ में सभी पदाधिकारियों ने गुजरात विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी। बैठक में निर्णय लिया गया समिति अब धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभायेगी। इसी क्रम में 13 जुलाई को एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शहर की सभी दुर्गा पूजा समितियां और सामाजिक संगठन सहयोग करेंगे। समिति के महासचिव आशुतोष सिंह ने पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में शांतिपूर्ण पूजा आयोजन के लिए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जतायी। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने की। मौके पर दिवाकर सिंह, रामबाबू सिंह, अशोक सिंहा, परमात्मा मिश्रा, देवाशीष नाहा, नंद सिंह, अपूर्वा पाल, संतोष कुमार, सतीश मुखी, सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1100 पदों पर वन रक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, राज्य सरकार से मांगी गयी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड वन विभाग जल्द वन रक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने वाला है। इसके लिए विभाग ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी है। अनुमति मिलते ही भर्ती का विज्ञापन जारी किया जायेगा। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत 1100 पदों पर वनक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। राज्य में वन रक्षकों के



3883 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 1625 वनकर्मी ही कार्यरत हैं। इसके अलावा, कई वन रक्षक जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में नयी भर्ती से ही वन प्रबंधन को मजबूत किया जा सकता है। वन विभाग ने वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण युवाओं को वन रक्षकों की भर्ती में प्राथमिकता देने का फैसला किया है। इससे न केवल वन क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि वन संरक्षण में भी सुधार होगा।

# शिक्षकों को राहत : अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले अंतिम तिथि 14 जून थी। लेकिन पोर्टल में तकनीकी समस्या आने के कारण विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ायी है। इसके अलावा, आवेदन के सत्यापन और स्वीकृति देने की समय सीमा भी बढ़ायी गयी है।

**क्या है प्रक्रिया?**


- **ऑनलाइन आवेदन :** शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
- **सत्यापन और स्वीकृति :** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा अधीक्षक और माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा पदाधिकारी 26 जून तक आवेदनों का सत्यापन करेंगे।
- **स्थानांतरण के अनुमोदन :** जिला शिक्षा स्थापना समिति में स्थानांतरण के अनुमोदन और राज्य स्तरीय समिति को ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया 27 जून से 11 जुलाई तक पूरी की जायेगी।

**क्या है नयी शिक्षक स्थानांतरण नीति :** राज्य सरकार ने हाल ही में शिक्षक स्थानांतरण नीति में संशोधन किया है। इसके तहत अब प्राथमिकता के तौर पर असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षकों, दिव्यांग शिक्षकों के अलावा 50 वर्ष से अधिक आयु की महिला शिक्षकों, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यकता महिला शिक्षिका, एकल अभिभावक शिक्षक या शिक्षिका का भी स्थानांतरण हो सकेगा।
























# भागवत-रामायण ज्ञान देता है कि तेरा सच्चा मित्र कृष्ण है : श्रीकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अग्रसेन भवन के सभागार में श्रीमदभागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर मुख्य यजमान लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया संग परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत एवं ब्यास पूजन किया गया। बेदिक मंत्रोचारण के साथ ब्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्रीकांत शर्मा को मुख्य यजमान ओम प्रकाश केडिया सपत्नी द्वारा चंदन,वंदन माल्यर्पण कर उनका अभिनंदन स्वागत किया गया।

कथा के मुख्यसार को बताते हुए महाराज श्री कहते हैं : भक्त की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। समुद्र मंथन से एक बार 14 रत्न मिले पर आत्ममंथन सबसे बड़ा है, जिससे परमात्मा प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा जिस का रक्षक भगवान हो उसे कोई मार नहीं सकता। जो प्रभु का दास हो वो कभी हार नहीं सकता।

राम जन्म उत्सव के अवसर पर कथा का व्याख्यान करते हुए व्यासजी ने कहा राम के लिए ब्रह्मा विधमान है राम हमारे देश के वर्तमान आदर्श हैं। शास्त्र जैसा कहता है वैसा ही करो भगवान जब हदय में प्रगट होते हैं, तब मानव का कल्याण होता है। बिना संतों की सेवा के ईश्वर नही मिल सकते। भगवान का कीर्तन भजन तुम्हे बचा सकता है। प्रभु हदय सिंहासन पर आए इसलिए कथा सुनी जाती है। काम क्रोध लोभ मानव को कमजोर करते हैं जब तक यह रहते हैं प्रभु का सामीप्य नहीं मिलता। जहां काम तहां राम नहीं, जहां राम नही वहां काम। कथा काम, क्रोध लोभ आदि विकारों को दूर करती है, काम मानव का शत्रु है, लेकिन वह मित्र के समान प्रतीत होता है, जब वह हटता है, तो राम का प्रवेश होता है। भगवान सभी को सूर्य की तरह समभाव से प्रकाश देते हैं। वह सब को उसके अनुकूल फल देते हैं। भगवान जीव को आनंद देने के लिए लीला कहते हैं। भगवान मित्र का तो कल्याण करते ही हैं वे शत्रु का भी कल्याण करते हैं।

श्रीमद्भागवत कथाओं के चतुर्थ दिवस कि कथाओं पर प्रकाश देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को भगवान घोषित करें ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। वैज्ञानिक अभी तक एक मौलिक कीड़ा भी नहीं बना सके लेकिन लोगों ने धरती पर कई भगवान बना दिये। इस तरह के लोगों और कथित भगवान से सतर्क रहना चाहिए। जिसका पाप ज्यादा बढ़ जाता है, उसके अंदर भक्ति का संचार नहीं होता है। नवधा भक्ति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि श्रवण मनन कीर्तन वंदन आत्म निवेदन आदि में किसी एक का भी सहारा लिया जाए तो भगवान मिल जाते हैं। अनेक योनियों के बाद मनुष्य का शरीर मिलता है। इसलिए भजन करते रहना चाहिए इस जगत को प्रसन्न करना बहुत कठिन है, लेकिन भगवान को प्रसन्न करना बहुत आसान है। अंततः भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास करना चाहिए। भगवान के नाम से बेड़ा पार होता है मुक्ति मिलेगी।

आज भगवान को मक्खन, पंजीरी, मिश्री, पेड़ा सहित फलों का भोग लगाया। पूरे कथा स्थल को बैलून, फूलों, हरि पत्तियों से सजाया गया था। राजा बली झांकी, बावनअवतार की झांकी के दर्शन लोगो ने किये। भगवान का जन्म हुआ भगवान की झांकी का दर्शन कथा स्थल में सभी ने किया। कथा स्थल में भगवान के जन्म पर खूब जयकारा लगा। भगवान का पूजन मुख्य यजमान द्वारा किया गया। लोगो के बीच बधाई बाटी गयी, टॉफी, खिलौने लोगों के बीच लुटाये गये। कथा श्रवण करने वालों में ओमप्रकाश केडिया, निरंजन केडिया, अजय केडिया, संजय केडिया, निर्मल बुधिया, प्रमोद सारस्वत, राजेश गोयल सुरेंद्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोगो ने कथा श्रवण किया। ललित पोद्दार, विश्वनाथ नारसरिया, पवन शर्मा, विनोद जैन, पवन पोद्दार, अशोक नारसरिया, अनिल अग्रवाल, विशाल पाड़िया, अमित शर्मा, उर्मिला पाडिया सहित कई लोगो ने महाराज श्री को माल्यार्पन एवं अंग वस्त्र देकर अभिनंदन, स्वागत किया। सात बजे चतुर्थ दिवस की कथा आरती के साथ विराम की गयी। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

प्रमोद सारस्वत ने बताया पंचम दिवस की कथा दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक होगी। भगवान का उत्सव, बाल लीलाओ का झांकियों के संग सुंदर चित्रण, छप्पन भोग का कार्यक्रम है।

## बच्चों के शोषण पर नियंत्रण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

# सुरक्षा, सतर्कता और बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी: अनुप बिरथरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बच्चों की सुरक्षा, सतर्कता और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी है। बच्चों के शोषण पर अंकुश लगाने के लिए कई कानून बनाये गये हैं, उन कानूनों के अनुपालन की दिशा में सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर सामूहिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। उक्त बातें झारखंड के एसटीएफ के महानिरीक्षक अनूप बिरथरे (आइपीएस) ने रविवार को डोरंडा के पलाश सभागार में योशा और इनफ्लक्स संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बच्चों के शोषण और उनके अधिकार विषयक 'सजग' सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने कहा कि बच्चों के शोषण की रोकथाम से संबंधित कानूनों के अनुपालन की दिशा में पुलिस विभाग द्वारा सकारात्मक पहल की जा रही है।

इसके पूर्व सजग संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विषय प्रवेश कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय ने कराया। उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि मासूम बच्चों की सोच काफी संवेदनशील व नाजुक होती है। यदि बच्चों के कम उम्र में मानस पटल पर चोट पहुंचती है, तो उसकी भरपाई मुश्किल से हो पाती है। उन्होंने कहा कि असली पीड़ा सिर्फ उस कृत्य से नहीं, बल्कि उसके बाद की चुप्पी से होती है।

झालसा सदस्य सचिव एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अस्थाना ने बच्चों के शोषण की रोकथाम से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की जानकारी दी। वहीं, उच्च न्यायालय की अधिवक्ता ऋतु कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने कानून की मूल भावना को बनाये रखते हुए मुंबई हाइकोर्ट की व्याख्या को खारिज किया है। संगोष्ठी में यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव ने एएचटीयू इकाइयों के बीच समन्वय की कमी, गवाहों की सुरक्षा की कमी आदि महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। वहीं पत्रकार नमिता तिवारी ने डिजिटल शोषण और सोशल मीडिया की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने गुड टच, बैड टच से आगे बढ़कर सेफ टच और अनसेफ टच के अंतर को स्पष्ट करते हुए इस संबंध में सूझबूझ विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर आईएमए के स्टेट सेक्रेटरी डॉ प्रदीप कुमार सिंह, समाजसेवी मुकेश कुमार, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा, पत्रकार विजयदत्त पिंटू, मुस्तकीम आलम, सामाजिक कार्यकर्ता नफीस अहमद सहित अन्य मौजूद थे।








































आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 जून, 2025
www.azadsipahi.in 11

# ओखरगाड़ा को प्रखंड बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ग्रामीणों ने सौंपा पूर्व मंत्री को मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**ग्रामीणों की मांग है कि 20 पंचायत वाले मेराल प्रखंड में से 6 पंचायत बिकताम, ओखरगाड़ा पूर्वी, ओखरगाड़ा पश्चिमी, खोरिडीह, चेचरिया और अरंगी को मिलाकर एक नया प्रखंड का दर्जा दिया जाये।**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा को प्रखंड का दर्जा देने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को पूर्व मंत्री और झामुमो महासचिव मिथिलेश ठाकुर को मुख्यमंत्री के नाम से एक मांगपत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि ओखरगाड़ा क्षेत्र में आबादी लगातार बढ़ रही है और ग्रामीणों को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रतिदिन विकास योजनाओं सहित जमीन के मामलों को लेकर आना-जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि ओखरगाड़ा से मेराल प्रखंड मुख्यालय की दूरी काफी अधिक है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में भारी परेशानी होती है। यहां के गरीब-असहाय पैसे के अभाव में प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में परेशानी महसूस करते हैं। विशेष परिस्थिति होने पर प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी का इन जगहों पर पहुंचने में भी काफी समय लगता है। ग्रामीणों की मांग है कि 20 पंचायत वाले मेराल प्रखंड में से 6 पंचायत बिकताम, ओखरगाड़ा पूर्वी, ओखरगाड़ा पश्चिमी, खोरिडीह, चेचरिया और अरंगी को मिलाकर एक नया प्रखंड का दर्जा दिया जाए। जब 2011 के जनसंख्या के अनुसार आबादी 35000 थी, उस समय भी लोगों के द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 2013 में मांग पत्र देकर ओखरगाड़ा को प्रखंड बनाने की मांग की गयी थी। आज आबादी लगभग 50000 पहुंच गयी है। ऐसे में ओखरगाड़ा को नया प्रखंड घोषित किया जाना जरूरी है।

पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पहले भी रखे हैं और सरकार से सकारात्मक पहल की मांग किया गया था। पुनः ग्रामीण के मांगों को मजबूती से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा से ग्रामीणों की आवाज को बुलंद करता रहा है और भविष्य में भी जनता के हक के लिए संघर्ष करता रहेगा। ग्रामीणों की इस पहल से क्षेत्र में नयी उम्मीदें जगी हैं। मौके पर ओखरगाड़ा प्रखंड नवनिर्माण संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष रामसागर उरांव, बबलू कुमार तिवारी, मुखिया रवींद्र कुमार गुप्ता, जमालुद्दीन अंसारी, काशीराम, मुखिया धर्मराज राम, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, बिकताम मुखिया सुरेश राम, पंचायत समिति सदस्य विनोद पासवान, उपेंद्र, अवधेश, राम प्रवेश, सद्दाम, संजय, शोएब, दिलीप, राजाराम, मिन्हाज आलम सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# दुर्घटना में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना और केदारनाथ के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गये लोगों को, महिला विकास समिति के सभी पदाधिकारियों ने, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने कहा कि सभी बहनों की सहानुभूति पीड़ित परिवारों के साथ है। सचिव मीना ने कहा कि यह हादसा न केवल पीड़ित परिवारों के लिए है, बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। मौके पर वीणा अग्रवाल, वीणा शर्मा, मीना देवी, सविता शर्मा, शकुंतला केसरी, सुषमा केसरी, पुष्पा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, मीना केसरी, ललित केसरी, अंजू शर्मा रूचि अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

प्रेस विज्ञाप्ति

एतद् द्वारा संवेदक संजार अंसारी, इस्लाम नगर, जिला– लोहरदगा के अधीन MMGSY के अंतर्गत ग्राम चरहु मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 3.358 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 02.01.24 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 09F2/2024-25 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 01.10.24 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रमीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 06 दिनांक 02.01.24, पत्रांक 1316 दिनांक 19.12.24, पत्रांक 277 दिनांक 07.05.25 एवं प्रेस विज्ञाप्ति ज्ञापांक 286 दिनांक 08.05.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्रमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजार अंसारी, इस्लाम नगर जिला–लोहरदगा। | MMGSY के अंतर्गत ग्राम चरहु मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 3.358 कि0मी0 | 09F2/2024-25 | 01.10.2024 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभिंयता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 355105 Lohardaga(25-26)D


# जरही बाजार में महुआ शराब की हो रही खुलेआम बिक्री

**ग्रामीण बोले- शराब बिक्री और लोगों को पीने से बाजार करने वाली भीड़ पर पड़ रहा दुष्परिणाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के जरही सप्ताहिक बाजार रविवार के दिन खुलेआम दुकान लगाकर शराब की बिक्री जोरों पर किया जा रहा है। जरही के हरियारा मैदान में केवल शराब और मांस की खुलेआम बाजार लगता है। इस दौरान लोग बाजार में बेखौफ हो कर जगह-जगह शराब की दुकान लगा कर भैट व डाबा रख शराब की बिक्री करते है। वही बाजार में बड़े पैमाने पर मास की भी बिक्री होती है। कच्चा मांस को बाजार में ही बनाने की दुकान लगा हुआ। शराबी अपना-अपना टोली बना कर चखना के साथ खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। इसमें सबसे ज्यादा युवाओं को शराब पीते देखा गया। बाजार में प्रशाशन को खुलेआम चुनौती देकर शराब की दुकान लगा धड़ल्ले शराब की बिक्री किया जा रहा है। जिसका सबसे अधिक प्रभाव नये उम्र के युवा पर पड़ रहा है। शराब खरीद कर बगल चखना रख बड़े मजे से महुआ का शराब पी रहे हैं। वहीं शराब विक्रेता बाजार में बेखौफ होकर शराब की बिक्री जोरों पर करते नजर आ रहे हैं। शराब की दुकान पर सबसे अधिक युवा वर्ग की भीड़ देखे जा रहे हैं। जिसका सबसे अधिक प्रभाव बाजार करने आये बच्चों पर भी पड़ रहा है। जरही सप्ताहिक बाजार रविवार के पूरे दिन हरियारा मैदान में जगह-जगह पर भैंट में महुआ का शराब रख बिक्री किया जाता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जरही के हरियारा मैदान केवल शराब और मांस की बाजार बना हुआ है। बाजार में बड़े पैमाने पर शराब की धंधेबाज का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। बाजार में खुलेआम कई जगह शराब की बिक्री हो रही है। शराब की बाजार में दूर-दूर से लोग शराब पीने आते है। शराबी नशे के दशा में धुत होकर बाजार करने आए लोगों को परेशान करते हैं। शराब के माफियाओं और शराबियों के चलते कम उम्र के बच्चे भी शराब पीने लग रहे हैं। जिससे माहौल खराब होते जा रहा है।

## टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में चल रहे समर कैंप का समापन

# लगातार मेहनत करने से ही मिलेगी सफलता : डीएफओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में चल रहे समर कैंप का समापन किया गया। समापन अवसर पर समर कैंप में शामिल सभी खिलाड़ियों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बैनी अब्राहम ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्होंने कहा कि सफलता उन्ही लोगो को मिलती है जो लगातार मेहनत करते है और असफलता मिलने के बाद भी जो निराश होए बिना अपने काम मे लगे रहते है। डीएफओ ने कहा कि आप सभी खिलाड़ी खेल पर ध्यान दें। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि स्वस्थ रहने के साथ साथ बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए खेल का अभ्यास प्रितिदिन जरूर करे। इस खेल में स्कोप बहुत बेहतर हैं। आप पूरे मनोयोग से खेल को खेले। खेल में जीत हार लगा रहता है, खेल आपको मजबूत होना सीखता है। हमें उम्मीद है की आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपने खेल की बदौलत जिले का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि सीमित संसाधन में एक अच्छा प्रयास कर रहे हैं जिसमें हमको सफलता मिल रही है जिसका परिणाम है कि जिले के 16 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे है। उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि टेबल टेनिस कम शहर में खेले जाते है और यह खेल हमारे जिले में विषम परिस्थिति में खेले जा रहे है। नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि समर केम्प में खिलाड़ियों को खेल के नियम, तकनिक के साथ साथ रणनीति के बारे में बेहतर कोच के माध्यम से दिया गया। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा, समर कैंप के 17 मई से शुरू किया गया था कैंप में 40 खिलाड़ी शामिल हुए। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, मुजीबुदिन खा, संतोष कश्यप, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे, अमोद कुमार पांडे, संजय सिंह, दरोगा पासवान उपस्थित थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त ओरमॉझी थाना काण्ड सं0-41/2025, दनिांक-09-03-2025 धारा-75(2)/77/78(2)/3(2) बी0एन0एस0 एवं 12 पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त गाजी हुसैन, पिता–साहिल हुसैन, सा0–हैदर नगर, कोईलारी, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**COURT OF SRI BIRENDRA SRIVASTAVA AJC IV CUM SPL. JUDGE RANCHI**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED, [Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
ओरमॉझी थाना काण्ड सं0-41/2025 (Section 84 BNSS)

1. नाम व शिल पता चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
गाजी हुसैन, पिता–साहिल हुसैन, सा0–हैदर नगर, कोईलारी, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची
2. किया है या करने का उस पर शुबहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2) ओरमॉझी थाना काण्ड सं0-41/2025, दनिांक-09-03-2025
3. नाम गाजी हुसैन पिता–साहिल हुसैन सा0–हैदर नगर, कोईलारी, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–ओरमॉझी जिला–रॉंची,** जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया जरी न हो सके।
गया है कि (3), जब
5. मोकाम। सा0–हैदर नगर, कोईलारी, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची, फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि 10.060.2025 धारा-75(2)/77/78(2)/3(2) बी0एन0एस0 एवं 12 पोक्सो एक्ट, मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। अ–हजुर(6)

**ब–तारीख 15 माह 02.2025** **नालिश–मजकुर**
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख 07 माह मई सन् 2025**

**Sd. COURT OF SRI BIRENDRA SRIVASTAVA AJC IV CUM SPL. JUDGE RANCHI**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त गाजी हुसैन कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्याल **COURT OF SRI BIRENDRA SRIVASTAVA AJC IV CUM SPL. JUDGE RANCHI** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी, ओरमॉझी, रॉंची। –9431706183

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 355177 Police(25-26)#D


# पूर्ण शराब बंदी को लेकर पंचायत सचिवालय में लगा दरबार

**महुआ शराब के धंधा में लगे 37 लोगों को नोटिस देकर हाजिर होने का दिया गया था फरमान**

**दरबार में पूर्ण शराब बंदी का लिया गया संकल्प**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार को पंचायत क्षेत्र में पूर्ण शराब बंदी को लेकर एक दरबार (जन सुनवाई) का आयोजन किया गया। मुखिया राम सागर महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस दरबार में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए शराब से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायती राज पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शराबबंदी के फायदे और नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। मुखिया राम सागर महतो द्वारा शराबबंदी को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन मांगा गया। बता दें कि मेराल पूर्वी के विभिन्न वार्डों में बीते दिनों शराब बंदी को लेकर सघन अभियान चलाया गया था। जिसमें महुआ शराब के धंधा में संलिप्त 37 लोगों को नोटिस देकर जनसुनवाई में भाग लेने का फरमान जारी किया गया था। पंचायत द्वारा भेजे गये नोटिस पर 33 लोग जनसुनवाई में उपस्थित हुए। पंचायती राज पदाधिकारीयों के बातों से प्रभावित होकर सभी ने शराब के कारोबार को बंद करने का अपना निर्णय सुनाया। मौके पर उद्योग विभाग के महेंद्र विश्वकर्मा, पंचायती राज एसोसिएट प्रियंका के द्वारा लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैंक से ऋण दिलाने आदि का आश्वासन दिया गया। सभा में पंचायत सचिव राधा कुमारी, जेएसएलपीएस के पंकज कुमार, उपमुखिया अली शेर अंसारी, पंचायत सहायक मसूद आलम, वार्ड सदस्य भोला राम, उषा देवी, मोती राम, अशोक राम सहित काफी लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय : राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, कोडरमा अंचल, कोडरमा

पेशाकर से संबंधित आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार द्वारा "झारखण्ड वृत्तियों, व्यापारों, आजीविकाओं और रोजगारों पर कर अधिनियम, 2011" (JHARKHAND TAX ON PROFESSIONS, TRADES, CALLINGS AND EMPLOYMENTS ACT, 2011) (संक्षेप में पेशाकर/JPT/PT) राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशन की तिथि दिनांक 30 जनवरी, 2012 से झारखण्ड में प्रवृत्त है। सर्वसाधारण की जानकारी के लिए झारखण्ड सरकार, वाणिज्य–कर विभाग की आधिकारिक वेबसाईट http://ctax.jharkhand.gov.in/ पर यह अधिनियम एवं संबंधित नियमावली Upload किया हुआ है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। विभागीय अधिसूचना संख्या 31 दिनांक 19.06.2020 द्वारा अधिनियम की अनुसूची में संशोधन करते हुए, दिनांक 01.07.2017 के प्रभाव से GST के अंतर्गत 'निबंधित अथवा निबंधन योग्य' तथा 'अनिबंधित अथवा निबंधन योग्य नहीं', परन्तु जिनका वार्षिक सकल आवर्त (सलाना बिक्री) रू. 5 लाख से अधिक है, को भी पेशाकर के भुगतान के दायरे में लाया गया है। इसप्रकार, वैट या GST के अंतर्गत 'निबंधित अथवा निबंधन योग्य' तथा 'अनिबंधित अथवा निबंधन योग्य नहीं', परन्तु जिनका वार्षिक सकल आवर्त (सलाना बिक्री) रू. 5 लाख से अधिक है, को दिनांक– 30.01.2012 के प्रभाव से निम्नवत् पेशाकर की देयता स्थापित होती है, यदि उनका व्यवसाय दिनांक 30.01.2012 के उपरान्त आरंभ हुआ है तो व्यवसाय आरंभ तिथि से उनकी करदेयता स्थापित होती है :–

| | Annual Gross Turn Over (Sale) | Rate of Jharkhand Professional Tax (PT & PTR) per Annum | Interest on late payment of JPT is Quarterly Payable @2% per calendar month |
|---|---|---|---|
| 1 | Upto Rs. 5,00,000.00 | NIL | NIL |
| 2 | Range from Rs. 5,00,001.00 to Rs. 10,00,000.00 | 1,000.00/Per Annum | 250.00 |
| 3 | Range from Rs. 10,00,001.00 to Rs. 25,00,000.00 | 1,500.00/Per Annum | 375.00 |
| 4 | Range from Rs. 25,00,001.00 to Rs. 40,00,000.00 | 2,000.00/Per Annum | 500.00 |
| 5 | Above Rs. 40,00,000.00 | 2,500.00/Per Annum | 625.00 |

साथ ही, उपरोक्त विभागीय वेबसाईट में भी संशोधन करते हुए दिनांक 01.10.2020 से पेशाकर से संबंधित निबंधन, भुगतान एवं रिटर्न फाइलिंग की प्रकिया को और आसान बनाया गया है। इस हेतु पहले से पेशाकर में निबंधित करदाताओं को नए सिस्टम में मैपिंग कर माइग्रेट कर पेशाकर का भुगतान करना है तथा नए करदाताओं को निबंधन लेकर देय बकाया पेशाकर का भुगतान करना है। Form JPT 01 में Registration और/या मात्र नियोक्ता Employer व स्वरोजगार से जुड़े व्यक्तियों के लिए Enrollment हेतु आवेदन दाखिल करना है, जिसका तत्क्षण Auto Approval हो जाता है, इसके उपरांत, पेशाकर की देय राशि का ऑनलाईन भुगतान किया जा सकता है। Payment Receipt के आधार पर रिटर्न Auto Generate होता है।

इस अधिनियम के अन्तर्गत जिन व्यक्तियों, व्यवसायियों, नियोक्ताओं आदि की कर भुगतान की देयता बनती है, वे ससमय निबंधन प्राप्त कर, देय कर का ससमय भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। ससमय निबंधन, इनरॉलमेंट प्राप्त न कर, भुगतान नहीं किए जाने की की स्थिति में इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत शास्ति व ब्याज आरोपण करने का प्रावधान है। तिमाही समाप्त होने के बाद पंद्रहवें दिन तक, ससमय भुगतान करने पर ब्याज नहीं लगता है। उसके बाद, 2 प्रतिशत प्रति कैलेंडर माह की दर से ब्याज की भी देयता होती है। आवेदन करने में विलम्ब करने पर, निबंधन में रू. 5.00 प्रतिदिन की दर से और इनरॉलमेंट में रू. 20.00 प्रतिदिन की दर से पेनाल्टी का भी प्रावधान है।

अतएव, इस अधिनियम के अन्तर्गत कर भुगतान के भागी सभी व्यक्तियों, व्यवसायियों, नियोक्ताओं व स्वरोजगार से जुड़े व्यक्तियों आदि को सूचित किया जाता है कि अधिनियम के प्रभावी तिथि दिनांक 30.01.2012 से अथवा यदि इसके बाद करदेयता/व्यवसाय/स्वरोजगार आरंभ हुआ है तो करदेयता/व्यवसाय/स्वरोजगार आरंभ तिथि के प्रभाव से, ऑनलाईन निबंधन प्राप्त कर, अद्यतन् अवधि तक के सभी देय पेशाकर का ब्याज सहित पूर्ण भुगतान करना सुनिश्चित करें।

किसी भी संशय की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी से अथवा वाणिज्य–कर कार्यालय, कोडरमा अंचल, कोडरमा से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है, कार्यालय का ईमेल पता– kodarmacircle@yahoo.com है। विभागीय JPT Helpline Number 18003457020 है।

(देवाशीष कुमार)
राज्य–कर सहायक आयुक्त,
कोडरमा अंचल, कोडरमा

PR 355137 Commercial Taxes (25-26)_D


## एसडीओ ने देर शाम पेशका क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

# खाद-बीज भंडार में मिली 135 बोतल शराब, कार्रवाई का निर्देश





### ज्यादातर अपराधों की जड़ है नशा : एसडीओ

**अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि वह अनवरत रूप से पिछले डेढ़ महीने से नशा के विरुद्ध नियमित अभियान चला रखे हैं, फिर भी समाज की ओर से जो सहयोग मिलना चाहिए था वह सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि नशे का कारोबार विशेष रूप से अवैध शराब का कारोबार न केवल उन सबके लिए बल्कि पूरे समाज के लिए हानिकारक है, इसलिए नशे के विरुद्ध चल रहे इस अभियान में सभी लोग हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि आज छोटे-बड़े सभी अपराधों की जड़ में नशा ही कारण करता है। इसलिए नशे पर हम जितना लगाम लगा पाएं, विधि व्यवस्था उतनी बेहतर होगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने सोमवार शाम को पेशका क्षेत्र के पेशका चामा, पेंदिली, बगेसर आदि इलाकों में अवैध शराब व्यवसायियों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब का निर्माण करने वाले एवं अवैध शराब की बिक्री करने वाले संदिग्ध लोगों को चेतावनी दी गयी, साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर यहां वहां बैठकर शराब पी रहे लोगों को दौड़ाया गया।

अभियान के क्रम में पेशका बाजार में खाद बीज के व्यवसायी अरविंद गुप्ता के यहां 135 बोतल शराब अनाधिकृत रूप से पायी गयी। इस पर मौके पर ही दुकान में ताला लगवाते हुए चाबी को दुलदुलवा मुखिया राम प्रताप शाह तथा ग्राम चौकीदार जगदीश राम को सौंप दी गयी। उल्लेखनीय है कि खाद बीज का व्यापार करने वाले उक्त व्यापारी के द्वारा चोरी-छिपे बड़ी मात्रा में शराब की बिक्री किए जाने की शिकायतें मिल रहीं थीं, इससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेकर संजय कुमार ने मुखिया रामप्रताप शाह तथा स्थानीय चौकीदार के साथ जब दुकान में छापेमारी की तो वहां पर डीप फ्रीजर मिला?। खाद की दुकान में बड़ा डीप फ्रीजर मिलना एसडीएम को संदिग्ध लगा, जब फ्रीजर को खुलवाया गया तो उसमें विभिन्न ब्रांड की 135 बोतलें मौके पर मिलीं। चूंकि एसडीएम की गाड़ी देखते ही व्यापारी भाग खड़ा हुआ था, लिहाजा उत्पाद अधीक्षक एवं उत्पाद निरीक्षक को मामले की जानकारी देते हुये संबंधित कारोबारी पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया और मौके पर ही दुकान में ताला लगवा दिया गया।

उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वैसे लोगों पर भी नजर रखी जा रही है जो अवैध शराब की भट्ठियों के लिए खाली ड्रम, लकड़ी, महुआ, गुड़, यूरिया आदि आपूर्ति करते हैं। इन लोगों को भी चिन्हित कर सूची बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

## सिल्ली मंडल में भाजपा की संकल्प सभा आयोजित

# मोदी ने विकसित भारत के लिए अंत्योदय को अपना ध्येय बनाया : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कुतरु गांव में सिल्ली के मंडल के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलता पूर्वक 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। इस अवसर उन्होंने कहा बताया कि मोदी सरकार ने विकसित भारत के लिए अंत्योदय को अपना ध्येय बनाया है। सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को प्राथमिकता दी है। भारत को आगामी 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हो कर शिक्षापर्यावरण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण करना, भ्रष्टाचार समाप्त कर संता मूलक समाज का निर्माण तथा वंश वाद की राजनीति को खत्म करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं संचालन सुधीर कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, पूर्व अध्यक्ष बिसनाथ महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेह लता, महामंत्री अमिता देवी, चंदन गोस्वामी, गुणधर बेदिया,रविन्द्र साहू, सुभाष मंडल, सुलोचना देवी, सुषमा समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष, 6 रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो/गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के मलगो गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष के बाद आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घटनास्थल पर पहुंचे भरनो थाना के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अजय गुप्ता ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉ दुर्गेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए 6 घायल व्यक्तियों को रिम्स रेफर कर दिया।

प्राप्त सूचना के अनुसार सोमवार सुबह 7:00 बजे भरनो थाना क्षेत्र के मालगो गांव में अब्दुल्लाह कोटवार 75 वर्ष अपने खानदानी जमीन को घर बनाने के उद्देश्य से बाउंड्री करने के लिए नीव खोदने गये थे। जमीन की मापी को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, अब्दुल्ला कोटवार (75) के सगे भाई भोटो कोटवार (60) अपने पुत्रों के साथ जिसमें इकरामुल कोटवार, चांद कोटवार, इमाम कोटवार, समीम कोटवार, परवेज कोटवार ने अपने ही बड़े पिताजी के ऊपर में कुल्हाड़ी और कुदाल से हमला कर दिया, जिससे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयीं। लड़ाई झगड़ा विवाद होता देख अब्दुल्ला कोटवार के बड़े पुत्र असलम कोटवार (43) ने बीच बचाव करने की कोशिश की, तो उन्हें भी उनके चाचा और चचेरे भाईयों ने जमकर लात, घुसा, टांगी से हमला कर दिया। लड़ाई झगड़ा होता देख अब्दुल्ला कोटवार के अन्य पुत्र जसीम कोटवार सलमान कोटवार भी वहां पर पहुंचे, उसके बाद में दोनों पक्षों में जमकर टांगी, कुदाल, कुल्हाड़ी लाठी डंडो से खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गये। भरनो थाना के कर्मियों ने घायल व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां घायलों को देख अफरा तफरी मच गयी। प्राथमिक उपचार करने के बाद में गंभीर स्थिति को देखते हुए 6 व्यक्तियों को रिम्स रेफर कर दिया गया, बाकी दो लोगों को यही से छुट्टी दे दी गयी।




## सद्गुरु कृपा 'अपना घर आश्रम' में मंदबुद्धि निराश्रित को कराया गया भोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान मे विगत 16 माह से चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रांची में 16 जून को डॉक्टर प्रभात कुमार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु एवं आश्रम में रह कर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में भोजन बनवाकर भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 1 जून से 16 जून तक 16 दिनों मे 3140 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में-सांवरमल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सरोज बाजोरिया, सुरेश अग्रवाल, उमेश वर्मा, राजेश खेतान, सरोज देवी बाजोरिया, डूंगरमल अग्रवाल, सौरभ सिन्हा, निर्मल अग्रवाल, गजानंद शर्मा, विजय केसरी, सुमित कुमार, निशांत कुमार चौधरी, पूनम मेवाड़ा,के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गयी। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधु जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल,पवन कुमार पोद्दार, विष्णु सोनी, सुरेश भगत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।





























देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in












## अंतर-जातीय विवाह पर आदिवासी समाज का रुख सख्त, सरना कोड के लाभ से वंचित करने का निर्णय



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पारंपरिक आदिवासी स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत अंतर-जातीय विवाह पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आदिवासी समाज ने सख्त कदम उठाया है। हाल ही में सेन्हा प्रखंड अंतर्गत भड़गांव बेड़ा टोली में एक अंतर-जातीय विवाह के बाद समाज ने निर्णय लिया कि विवाह करने वाली लड़की को सरना कोड के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से वंचित किया जायेगा। जानकारी के अनुसार, घाघरा थाना क्षेत्र के बुरजु गुडरु टोली निवासी रोपना उरांव की पुत्री सुरजी कुमारी ने भड़गांव बेड़ा टोली निवासी दिगम्बर महतो (पुत्र: सुखदेव महतो) से प्रेम विवाह किया। यह विवाह उरांव (आदिवासी) और महतो (गैर-आदिवासी) समुदाय के बीच हुआ, जिसे पारंपरिक आदिवासी रीति-नीति के विरुद्ध माना गया। इस घटना की सूचना मिलते ही 12 पड़हा बेल, जो क्षेत्रीय आदिवासी स्वशासी संस्था है, ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों से समझाइश की। विवाह के संपन्न हो जाने के बाद पारंपरिक पंचायत (पंचनामा) के माध्यम से दोनों परिवारों से लिखित सहमति ली गयी, जिसमें स्पष्ट किया गया कि दंपति सरना कोड अथवा आदिवासी आरक्षण से जुड़े किसी भी सरकारी या सामाजिक लाभ के हकदार नहीं होंगे। पंचनामा में यह भी दर्ज किया गया कि भविष्य में ये दंपति आदिवासी आरक्षण, जमीन संबंधी विशेषाधिकार, पंचायत चुनाव में आदिवासी कोटा आदि में दावा नहीं करेंगे। दोनों ने इस निर्णय पर हस्ताक्षर किये और समाज के गवाहों ने भी अपनी सहमति दर्ज की। इस मौके पर पारंपरिक पहान शिववरण उरांव ने बताया कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा की रक्षा के लिए यह कदम आवश्यक था। इस तरह की पहल से समाज के लोग अपने मूल मूल्यों से जुड़े रहेंगे। बैठक में महतो निर्मल उरांव, पुजार शैलेन्द्र उरांव, जेठरायत करमचंद उरांव, गैरो लक्ष्मण उरांव सहित दोनों समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ घायल

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कुंदो गुड़गुड़ टोली के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल बिगन मुंडा (55 वर्ष) को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बता दें कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला गांव निवासी स्वर्गीय फगुआ मुंडा का पुत्र बिगन मुंडा (55 वर्ष) अपने रिश्तेदार के गया हुआ था। इसी दौरान बिगन अपने मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। तभी कुंदो गुड़गुड़ टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार फरार हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

## महिला हिंसा की रोकथाम में मीडिया की भूमिका अहम: वरनाली चक्रवर्ती




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत परहेपाट पंचायत सचिवालय में सोमवार को विमेन गेनिंग ग्राउंड कार्यक्रम के तहत मीडिया ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्रिया नयी दिल्ली, सर्वो संस्था किस्को और युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की साझेदारी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परहेपाट के मुखिया जतरू उरांव, उप मुखिया सुधीर लाल, सर्वो संस्था के डायरेक्टर सुखमनी लकड़ा, युवा संस्था की सचिव वरनाली चक्रवर्ती, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर (डरउ) की कार्यप्रणाली, सेवाएं और उसका महत्व बताया गया। वरनाली चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड के 10 जिलों में जून 2025 तक ऐसे मीडिया कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिससे डरउ की सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। सुखमनी लकड़ा ने मीडिया को जमीनी स्तर तक जानकारी पहुंचाने में सबसे प्रभावशाली माध्यम बताया। मीडिया कर्मियों ने भी स्थानीय स्तर पर डरउ सेवाओं की जागरूकता और जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता जतायी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना है।

## इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को डीसी ने किया सम्मानित




लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा (कला, विज्ञान और वाणिज्य) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला के टॉप 3 छात्र-छात्राओं को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह हमेशा याद रखें कि सफलता की कुंजी आपकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति आपकी प्रतिबद्धता है। अपनी क्षमता को पहचानें और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, सफलता जरूर मिलेगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) 2025 में जिला का रिजल्ट पूरे राज्य में प्रशंसनीय रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि छात्रों के समग्र शैक्षिक समझ को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लातेहार में नि:शुल्क कोचिंग क्लास की व्यवस्था कराई जा रही है। जिसके तहत बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से नि:शुल्क करायी जायेगी। जैक बोर्ड अंतर्गत इंटरमीडिएट (वाणिज्य) में राज्य में लातेहार जिला ने प्रथम स्थान, विज्ञान में लातेहार जिला ने प्रथम स्थान और कला में लातेहार जिला ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, परियोजना निदेशक आइडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, बच्चों के अभिभावक, स्कूल के शिक्षक और छात्रगण उपस्थित थे।

### विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जनता की हर समस्या का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है : डॉ रामेश्वर

**कई मुद्दों का किया तत्काल समाधान**

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। सोमवार को झारखंड के पूर्व मंत्री और लोहरदगा विधायक, साथ ही आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ. रामेश्वर उरांव ने भण्डरा प्रखंड मुख्यालय और विधायक कार्यालय बरवाटोली, लोहरदगा का दौरा किया। इस दौरान वे पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजनता से सीधे रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता ने विधायक के समक्ष भूमि विवाद, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, अबुआ आवास, मैया सम्मान योजना, पेयजल संकट, पशुपालन, बिजली आपूर्ति सहित कई समस्याओं से जुड़े लिखित आवेदन प्रस्तुत किये। डॉ. रामेश्वर उरांव ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता की और समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक डॉ. उरांव ने कहा, मैं जनता का सेवक हूं। हर प्रखंड मुख्यालय में जाकर जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लोहरदगा विधायक कार्यालय में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिकतम लोगों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंच सके। विधायक द्वारा इस तरह का जनसंपर्क अभियान न सिर्फ लोगों को राहत पहुंचा रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की प्रक्रिया को भी मजबूत कर रहा है। जनता दरबार जैसी पहलें प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास का पुल बनाने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सहादत हुसैन, शामुल अंसारी, अनीश अहमद, सदरूल अंसारी, जुगल भगत, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, विशाल डुंगडुंग, एनुल अंसारी, असलम अंसारी, संजय नायक, इकरामुल अंसारी, हरिदास उरांव, शशिकांत उरांव, नसीम अंसारी, विजय उरांव, संजू तुरी, राधा देवी, हसबुल खान, मुनीम अंसारी, जमील अंसारी, तसलीम अंसारी, काले उरांव, जफर इमाम, दया उरांव, सहजहा अंसारी, समरूदीन अंसारी, लालू उरांव, चन्द्र उरांव, गर्भु उरांव, अंसार अहमद, मोईन खान, इलियास अंसारी, प्रकाश उरांव, सुमित उरांव, सत्यनारायण उरांव, सकीम अंसारी, चंदरमणि उरांव, अमानत अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बच्चों के भोजन की गुणवत्ता पर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं की जायेगी: डीसी

**बच्चों का ड्रॉप आउट रोकते हुए उनका शत प्रतिशत नामांकन करायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन स्कूलों में हो बीआरपी और सीआरपी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बीआरपी और सीआरपी अपने-अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका से समन्वय स्थापित कर वहां के बच्चों को प्राथमिक स्कूलों में नामांकन करायें और उन आंकड़ों को संधारित कर उनका लगातार मॉनिटरिंग करें। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को नियमित अंतराल में बीआरपी और सीआरपी की बैठक कर शिक्षा के स्तर का मूल्यांकन और योजनाओं के संचालन का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। गत माध्यमिक और इंटर मीडिएट परीक्षा के लोहरदगा जिले के परिणाम पर उन्होंने असंतुष्टि जताते हुए रिजल्ट बेहतर करने के लिए, उन्होंने कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि किसी भी बच्चा का ड्रॉपआउट किसी भी हाल में ना हो। साथ ही कोई बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा की बच्चों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर समझौता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उन्हें हर हाल में स्वच्छ परिवेश में तैयार किया गया पौष्टिक भोजन प्राप्त हो। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन को उन्होंने निर्देश दिया कि हर हाल में प्रत्येक विद्यालय में सीट के अनुरूप शत प्रतिशत नामांकन हो यह सुनिश्चित की जाये। कोई भी सीट खाली ना रहे। उपायुक्त ने प्रत्येक वार्डन से विद्यालय की समस्याओं से अवगत हुए और जल्द से जल्द उनका समाधान का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। मॉडल स्कूल के समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि इस स्कूल में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने के लिए, विशेष जागरूकता बच्चों के बीच लायें। इसके साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए, सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी और जिले के सभी बीआरपी सीआरपी और शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# किसानों का अर्धनग्न होकर जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन शुरू

**अन्नदाता किसानों की अर्धनग्न तस्वीर काफी हैरान और परेशान करने वाली है**

मुकेश कुमार सिंह



चंदवा। चंदवा अन्नदाता किसानों ने दुसरे दिन अर्धनग्न होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी का फोटो और मांगो से संबंधित पोस्टर लेकर चटुआग डैम में जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन किया, अन्नदाता किसानों की अर्धनग्न तस्वीर काफी हैरान और परेशान करने वाली है। किसान टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण चालु कराने समेत कई मांगों को लेकर बेमियादी आंदोलन छेड़ दिए हैं। आंदोलन का नेतृत्व किसान सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कर रहे हैं। जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन के क्रम में उन्होंने कहा कि आज लाखों किसान रेलवे क्रॉसिंग जाम से परेशान हैं वहीं केंद्र और राज्य सरकार मस्ती में हैं, किसान मरे या जिये उन्हें कोई मतलब नहीं है, आगे कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 03 अप्रैल 2021 को टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज का शिलान्यास किया उस समय उन्होंने कहा था कि दो वर्ष में यह कार्य पूर्ण हो जायेगी लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हुआ, छह- सात बार टेंडर निकाला फिर भी कार्य शुरू नहीं हो पा रही है, जब तक इस जनहित की मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक किसान आंदोलनरत रहेंगे, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड की बड़ी जन समस्या जो नेशनल हाइवे पर रेलवे फाटक जाम से लाखों लोग प्रतिदिन बुरी तरह प्रभावित हैं इतनी बड़ी समस्या की अंदेखी सरकार करेगी तो किसानों को जल समाधी सत्याग्रह जैसे आंदोलन करना पड़ेगा। जल समाधि सत्याग्रह में किसान सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, संजय राम, गुज्जर भगत, मठु गंझु, रविशंकर गंझु, सजेबुल खान, जस्मुद्दिन खान, कार्तिक गंझु, कृपा गंझु, रसीद खान, हसीब खान, मोफील खान, बंधन गंझु, असरफुल खान, जिदन टोपनो, माइकल हंस, दिलवा गंझु, महेंद्र गंझु, दिपेश टोपनो समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

# जल नल योजना के नाम पर कुछ घरों में पाइप डाल कर छोड़ दिया गया

**शुद्ध जल के लिये तरस रहे है सेन्हा घाटा गगेया के 1700 आबादी**

**करीब तीन साल से कुछ घरों तक सिर्फ पाइप डाल कर छोड़ दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा/लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा व गगेया ग्राम में जल नल योजना के तहत घरों तक पहुंचाने वाले पानी का काम पूर्ण किये बिना ही पेय जल स्वच्छता विभाग द्वारा आधा अधूरा कर के छोड़ दिया गया है। जिसे न तो संवेदक को कोई मतलब है। विभाग भी मौन धारण किया हुआ है। लोगो के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। लोगों के घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के बजाय, जलमीनार लगाने के नाम पर सिर्फ पाइप डाल कर छोड़ दिया गया है। सिंटेक्स और स्ट्रकर लगाने के लिये सिर्फ चबूतरा बना के छोड़ दिया गया है। गांव के ग्रामीण जल नल योजना का आस में तीन वर्षो से पड़े हुए हैं। वहीं झरी उरांव, मुकेश दास गोस्वामी, अमित उरांव, भागीरथी दास गिरवामी, बंशीधर दास गोस्वामी, देवलाल उरांव, मनराखन गोस्वामी, भीखराम उरांव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है, की जल नल योजना के नाम से घाटा और गगेया ग्राम में कुछ घरों में करीब तीन वर्षों से पाइप डाल कर और स्ट्रकर खड़ा करने के लिये सिर्फ चबूतरा बना कर छोड़ दिया गया है। गांव के ग्रामीण जल नल योजना पूर्ण होने और नल सइ पानी आने का तीन वर्ष से इंतजार कर रहे हैं। करीब 1700 आबादी वाले घाटा व गगेया गांव के ग्रामीण तीन वर्षों से जल नल योजना के इन्तजार में बूंद-बूंद पानी के लिये तरस रहे हैं। जिसे संवेदक को कोई मतलब है और विभाग मौन धारण किये हुए है। प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायतों के गांव में जल नल योजना स्थिति दयनीय है। जिसे पंचायत के जन प्रतिनिधियों को भी कोई मतलब नही है। वहीं मुखियाओं द्वारा बनवाया गया जल नल अधिकांश खराब है। जबकि बनवाने के बाद खराब होने पर बनाने का जिम्मेवारी मुखियाओं का है। परंतु कोई मुखिया को इस पर ध्यान ही नही है। जिसे ग्रामीण कुंआ, नदी और तलाब का पानी पीने को विवश हैं।

## विकसित भारत संकल्प सभा अभियान को लेकर बैठक



मनिका (आजाद सिपाही)। थाना चौक शिव मंदिर के समीप ग्राम प्रधान रजत कुमार के आवास में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन दिन सोमवार को किया गया। जिसका अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सह मंडल प्रभारी जिलामंत्री इश्वरी सिंह उपस्थित रहे। सभा में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूती से दोहराया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां को ग्रामीणों तक पहुंचाना और विकसित भारत अभियान को गति देना था। सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी दी गयी। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने बताया कि आगामी 24जून दिन मंगलवार को मनिका प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, जिला मीडिया प्रभारी बबन पासवान, प्रभारी शंकर दुबे, लव दुबे, ग्राम प्रधान रजत कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मनोज यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार, अभिभावक गंगा यादव, शंभु प्रसाद, मदन सिंह, दरोगी यादव, संजय प्रसाद, नागेंद्र कुमार यादव, संदीप कुमार यादव, राजदेव सिंह, प्रेमनाथ यादव, दिलेश्वर यादव, राकेश सिंह, पद्यु प्रसाद, गिरधारी मिस्त्री, परमेश्वर सिंह, ननदेव सिंह, बसंत भुइया, रामलाल तिवारी, गंगेश्वर यादव, नंदन कुमार यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा जिला प्रतिनिधिमंडल ने नगर प्रशासक से मिलकर सौंपा मांगपत्र



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भाजपा का जिला प्रतिनिधिमंडल ने नगर प्रशासक मुक्ति किडो से मिलकर विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर वीर बुधु भगत की बेटियां रुनिया-झुनिया के नाम से रखने की मांग किया। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने प्रशासक को बताया कि लोहरदगा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक मात्र बड़ा तालाब है जो विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम से जाना जाता है। आजाद भारत में तालाब का नाम ऐसे व्यक्ति के नाम पर आजादी के बाद भी अंकित है जो की भारत के लोगों पर शासन, शोषण और प्रताड़ित किया, यह बहुत ही पीड़ादायक था। हमें आज भारत के संपूर्ण धरोहर को वीर शहीदों के नाम से जाना जाना चाहिए और यह धीरे-धीरे कई स्थानों पर नामो में बदलाव हो भी रहे है। इस संदर्भ में विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम में बदलाव करना चाहिए विदेशी ताकत के खिलाफ संघर्ष किया और अपनी जीवन की आहुति दी। कहा कि रुनिया झुनिया अपने पिता और भाइयों के साथ 1832 में लरका विद्रोह अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए वीर गति को प्राप्त की थी। इसलिए यथाशीघ्र विचार करते हुए विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर रुनिया झुनिया तालाब किया जाए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अनिल उरांव, जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस और जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा उपस्थित थे।

## 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना' को लेकर जागरूकता अभियान शुरू



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के निर्देश पर चल रहे 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना' के अंतर्गत सोमवार को सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे, अरु, अलौदी और चरकु गांवों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने जानकारी दी कि यह अभियान 15 जून से 30 जून तक चलेगा, जिसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को साकार करना और जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसके तहत जनजातीय समाज को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सीधे लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों में शिविर आयोजित कर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किये जा रहे हैं। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान, पीएम किसान सम्मान निधि, गाय-बकरी शेड, सिंचाई कूप निर्माण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कैसे करें, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, और आवेदन प्रक्रिया किस प्रकार होती है। सोमवार को आयोजित शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किये गये। इस कार्यक्रम में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, वलर्क बिफई उरांव, बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर, शशि कुमार साहू, पंचायत सचिव, जनसेवक और बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, युवक-युवतियां उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी 22 जून को रांची के खेलगांव में बलिदान दिवस मनायेगी: डॉ. देवशरण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मुद्रिका बैंक्विट हॉल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की उपज है और यह बलिदानियों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज भी आंदोलनकारी के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है और राज्य को फिर से एक नये आंदोलन की जरूरत है। कहा कि 22 जून को रांची के खेलगांव में प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस मनाया जायेगा। यह दिन आजसू के नामकरण (1986) का भी दिन है। झारखंड के गठन में आजसू की भूमिका अहम रही है — कई युवाओं ने जान दी, जेल गये, प्रमाणपत्र जलाये। झारखंड में वर्तमान सत्ताधारी झारखंड आंदोलन के नाम पर सत्ता में आए, परंतु राज्य की मूल भावना से भटक चुके हैं। स्थानीय नीति और पेसा कानून अब तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाया है। अगर पेसा लागू हो जाये, तो ग्राम सभाओं को अधिकार मिलेगा और बालू चोरी जैसे अपराध रुकेंगे। राज्य में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार व्याप्त है, और आंदोलनकारी सोच को खत्म किया जा रहा है। आजसू का सपना था एक स्वायत्त, सशक्त और सुंदर झारखंड, जो आज भी अधूरा है। पार्टी गांव से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। मौके पर डॉ. देवशरण भगत, आशुतोष तिवारी, सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, राम लखन प्रसाद, रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, विश्वनाथ उरांव, सागर वर्मा, पवन प्रजापति, राजन मेहता आदि उपस्थित थे।

## लूट की घटना को अंजाम देने में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार



रायडीह (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कांसीर बाजार में व्यापारी को गोली मार जख्मी कर लुट की घटना को अंजाम देने में शामिल दो अपराधी को रायडीह थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में दीपक मुंडा उर्फ बुतुल मुंडा और महेंद्र उरांव उर्फ गुड्डू का नाम शामिल है। दोनो रायडीह थाना क्षेत्र के छेरहा बगीचा मांझाटोली का रहने वाला है। आरोपी के निशानदेही पर एक मैगजीन लगा देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन गोली, एक बाइक, दो मोबाईल और 72,580 रुपया नगद पुलिस ने बरामद किया है। सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए गुमला एसपी ने बताया कि 13 जून को रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर बाजार में एक धान व्यापारी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल करने और रुपये की लूट करने का आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

## जन भागीदारी अभियान का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। दीरगांव पंचायत सचिवालय में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चल रहे जन भागीदारी अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को लेकर सरकार के कई योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कई विभाग के स्टाल लगाए गए जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड सहित केंद्र की कई योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किया गया।

## सडक दुर्घटना में पुरुष गंभीर महिला की मौत

पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र के बिलिंबीरा रोड में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी, जिसमें डुगडुगी ग्राम निवासी मनोज नागेसिया जख़्मी हो गया, वहीं सीता देवी की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी देते हुये पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दशऔंधी ने बताया कि सीता देवी नामक महिला डुगडुगी से अपने रिश्तेदार मनोज नगेसिया के साथ मोटरसाइल में पालकोट बाजार आ रही थी। बिलिंगबिरा रोड में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे सीता देवी उम्र 45 वर्ष पति प्रभु नगेसिया डुगडुगी की मृत्यु हो गयी। शव का पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है

# अवैध खनन के विरुद्ध टास्क फोर्स की लगातार कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनन टास्क फोर्स ने अभियान चला कर छापेमारी की। बीते चार दिनों में विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। बीते 13 जून को बसिया थाना अंतर्गत तानालोया पंचायत के लुंगटू क्षेत्र में रात के अंधेरे में हाईवा और जेसीबी से बालू का अवैध परिवहन किये जाने की सूचना पर कार्रवाई की गयी। वहीं 14 जून की सुबह खनन टास्क फोर्स, थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बलों की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का



निरीक्षण किया गया, जहां लगभग 800-900 सीएफटी अवैध बालू पाया गया। उसी दिन सिसई थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक बिना पंजीकरण नंबर वाले ट्रैक्टर को बालू के साथ जब्त किया गया। चालक मौके से फरार हो गया। वाहन का निरीक्षण कर बालू से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किये गये। वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पिछले 15 जून को गुमला अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स द्वारा सिलाफारी पंचायत के कोयल नदी क्षेत्र में छापामारी की गयी, जहां एक हाईवा और जेसीबी से अवैध तरीके से बालू लोड एवं परिवहन करते पाया गया। खनन टास्क फोर्स के पहुंचते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर फंसे हाईवा एवं खराब हो चुके जेसीबी को जिम्मेनामा पर सुरक्षित सौंपा गया है। इन सभी मामलों में खनिज विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जिला खनन टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

गुमला (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और तकनीकी निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

## चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 22 को गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 22 जून दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक से स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षक और खिलाड़ियों ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में नव पदस्थ युवा पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां से स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के प्रशिक्षक सह निदेशक सैयद जुन्नु रैन ने अपने प्रशिक्षु खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की। जुन्नू रैन ने बताया कि प्रशिक्षु खिलाड़ियों में साउथ एशियन गेम में गोल्ड़ मेडलिस्ट खिलाड़ी मोनिका टोप्पो एवं नीरज मांझी प्रीति टोप्पो एवं सुहानी कुमारी सिल्वर अरिब आब्दिन, सिल्वर मेडल फैसल अंसारी कांस्य पदक, आर गोस्वामी अनुज मांझी सद्दाम अंसारी जैसे खिलाड़ियों ने देश राज्य और जिला का नाम रोशन किया ऐसे नाम चिन खिलाड़ियों से मिलकर पुलिस अधीक्षक गुमला ने अपने कार्यालय में सभी खिलाड़ियों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि आप हमारे देश के स्टार हैं, अपने माता-पिता के सुनहरे सपने हैं। आशा है आप अपना खेल जारी रखेंगे, और भविष्य में देश का नाम ऊंचा करेंगे। हमारी ढेर सारी शुभकामनाएं आप सबों के साथ है। किसी भी परेशानी में मैं आपके साथ खड़ा मिलूंगा। साथ ही मैं सैयद जुन्नु रैन का अपने कार्यालय में स्वागत करता हूं कि इन्होंने अपनी संस्था स्पोर्ट्स एकेडमी के बैनर तले बहुत सारे युवाओं का सपना पूरा किया। वहीं सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि वह स्वयं एक गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने फुटबॉल में चंडीगढ़ में गोल्ड जीता है।

## गुमला सदर अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया

गुमला (आजाद सिपाही)। सोमवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज से उनके कार्यालय में मिले और एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें गुमला के कुछ मुख्य मार्ग विशेष रूप से बैंक कॉलोनी दुर्गा मंदिर रोड डीएसपी रोड बस स्टैंड रोड लोहरदगा रोड इन सड़कों पर जो गड्ढे हैं, बरसात शुरू होने से पहले इन्हें दुरुस्त करा दिया जाए। दूसरी बात नगर के विभिन्न मार्गो में जो स्ट्रीट लाइट लगा हुआ है उसमें जो काम नहीं कर रहा है किसी



कारणवश खराब है उसे ठीक करा दिया जाये। तीसरी बात नो एंट्री के समय शहर में भारी वाहन का प्रवेश पर रोक लगाया जाये। इसके अलावा भी और कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई और अनुमंडल पदाधिकारी की तरफ से हर तरह के सहयोग का आश्वासन मिला। मौके पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पी आरओ प्रतीक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


























## शादी के नाम पर पैसा ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, ग्रामीणों ने पकड़कर पिटा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** शादी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले बिहार के एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। ग्रामीणों ने एक महिला सहित दो लोगों को पकड़कर पहले जमकर पिटा, उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। मामला विश्रामपुर थाना क्षेत्र के वार्ड 19 के कोशियार गांव का है। कोशियार गांव निवासी समाजसेवी शमशेर अली ने बताया कि गांव के अहमद अली की पुत्री की शादी गढ़वा जिले के कल्याणपुर में अगुआ के माध्यम से इसहाक खान के साले फिरोज खान से तय हुई थी। फिरोज मूलतः बिहार के रोहतास जिले के शेखपुरा भदारा गांव का रहने वाला है। उसने शादी के लिए दो लाख नकद एवं एक बाइक की मांग की। लड़की के पिता अहमद अली ने दो लाख रुपये दे भी दिया। हालांकि फिरोज खान पहले से शादी शुदा निकला। उसके दो बच्चे भी हैं। इसका खुलासा तब हुआ, जब फिरोज की पत्नी दो बच्चों के साथ पहुंच गयी। बताया कि फिरोज अपनी बहन और जीजा के साथ मिलकर शादी के नाम पर लोगों से पैसा ऐंठता है। इस पर ग्रामीणों ने आरोपितों को पकड़ कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया।

# कुआं में लोटा निकालने उतरे पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत

## लोगों की मदद से कुआं से निकाला गया शव, गांव-परिवार में शोक

- खबर पाते ही पहुंचे एसडीओ, सीओ, बीडीओ सहित वरिष्ठ अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बड़ेपुर पंचायत अंतर्गत सहियारा गांव में सोमवार को कुआं में गिरे स्टील के लोटे को निकालने उतरे पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत होने का मामला सामने आया है। मृतकों की पहचान जगत रजवार (65) और मुन्ना रजवार (23) के रूप में हुई है। दोनों सहियारा गांव के ही रहने वाले थे। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है।

जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह सुखे कुआं के पास लोटा लेकर सहियार गांव निवासी मुन्ना रजवार कोई काम कर रहा था। तभी अचानक उसके हाथ ले लोट छिटक कर कुआं में जा गिरा। चूंकि, कुआं सूखा होने के कारण मुन्ना रजवान लोटा निकालने के लिए उसमें उतर गया। पर कुआं में



कुएं से शव निकालते प्रशासन एवं स्थानीय लोग।

उसका दम घुंटने लगा, तो वह घबड़ाने लगा। यह देख वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे बाहर निकल जाने को कहा, लेकिन तब तक वह कुआं में ही बेहोश हो गया। यह देख पिता जगत रजवार भी बेटे को निकालने के लिए कुएं में उतर गये। जहां दम घुटने से दोनों की मौत हो गयी। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, थाना प्रभारी सोनू चौधरी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार आदि घटनास्थल पर पहुंच गये। वहां स्थानीय लोगों की मदद से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को कुआं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। दूसरी ओर, घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने मृतक के आश्रित को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उधर, इस हृदयविदारक घटना पर विधायक संजय सिंह यादव और जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### कुआं को भरवाने का काम शुरू

दूसरी ओर, कुआं से जगत और मुन्ना रजवार को निकालने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद एसडीओ, सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी आदि ने ग्रामीणों के साथ विचार विमर्स किर्या। इसके बाद सर्व सम्मति से कुआं को जेसीबी से भरवाने का काम शुरू कर दिया गया है।

## उपलब्धियों से भरा है प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल : रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से बी मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूरा होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर फोकस किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन महामंत्री राधा कृष्ण साव ने किया। जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला प्रभारी भाजपा नेत्री लवली गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल त्उपलब्धियों से भरा है। जिसे लेकर कार्यकर्ता आम जनों तक पहुंचे। गरीब कल्याण से लेकर विश्व में भारत की बढ़ती धमक से लोगों को अवगत करायें। वहीं, लवली गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई ऐतिहासिक कदम उठाये है। जिसमें कोरोना महामारी के त्रासदी से लोगों को बचाना, तीन तलाक को हटाना, धारा 370 को खत्म करना, राम मंदिर का निर्माण के अलावा गरीबों के लिये पीएम आवास एवं शौचालय बनवाना, गरीब बेरोजगार युवकों के लिए विश्वकर्मा योजना लाकर रोजगार सृजन करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में विश्व स्तर पर भारत की ताकत बढ़ी है। वहीं, रामचंद्र यादव ने कहा कि बदलता भारत अब आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है। जो हमें छेड़ेगा हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि चौपाल लगाकर लोगों तक केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं। इस मौके पर पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, संजय चंद्रवंशी, भाजयुमो अध्यक्ष अनुज चौधरी, अनिल पासवान, विजय सोनी, विजय मिश्रा, दामोदर यादव, सुनेश्वर राम, सत्येंद्र पाल, सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता सिंह, संगीता देवी और राधिका देवी आदि मौजूद थे।

## विधायक संजय सिंह यादव पुनः बनाये गये राजद के प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**हुसैनाबाद/हरिहरगंज। (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक संजय सिंह यादव को एक बार फिर से राजद का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इस पर राजद कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राजद नेता कृष्णा बैठा ने कहा कि स्थानीय विधायक, दलित-शोषित के आवाज, सर्वांगीण विकास के प्रतीक संजय सिंह यादव को पुनः राजद का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र वासियों में काफी हर्ष है। उनके





प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठनात्मक विकास पूरे प्रदेश में और भी मजबूत होगा। इस मौके पर राजद नेता कामख्यारायण सिंह, मदन पासवान, कृष्णा बैठा, राजेश्वर यादव, महेंद्र यादव, लालू पासवान, बैजनाथ सिंह, प्रमोद रजक, शिवशंकर यादव, दामोदर यादव, जयंत सिंह, वीरेंद्र यादव, विजय राम और जेपी यादव आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, हरिहरगंज के राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, लखन यादव, छोटेलाल गुप्ता, अवधेश यादव, बबलू कुमार और जितेंद्र दास आदि ने भी संजय सिंह यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कौआखोह टोल प्लाजा के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन के धक्के से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान छत्तरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी कादिर कलीफा हुसैन के पुत्र अब्दुल (21) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार अब्दुल अपने घर से बाइक से हरिहरगंज की ओर जा रहा था। तभी किसी अज्ञात ट्रक ने धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल अब्दुल को एनएचएआई 1033 एंबुलेंस से हरिहरगंज सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे औरंगाबाद अस्पताल में इलाज के लिए ले गये, जहां मौत हो गई। इस बाबत सीएचसी प्रभारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि युवक को गंभीर चोट लगी थी, इस लिए तुरंत रेफर कर दिया गया था।

## स्व. अनिल चौरसिया गरीबों, दलितों और शोषितों के आवाज थे : मनोज भुइयां



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के पिता स्व अनिल चौरसिया की सोमवार को 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर हजारों समर्थकों के साथ आलोक चौरसिया शाहपुर- गढ़वा रोड स्थित किनी गांव में स्व अनिल चौरसिया की आदम कद प्रतिमा पर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयां, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला परिषद् सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार उर्फ संटू चौरसिया, भाजपा नेता भीष्म चौरसिया और लवली गुप्ता शामिल हुए। सभी ने स्व अनिल चौरसिया को श्रद्धांजलि दी। विधायक आलोक चौरसिया की अध्यक्षता और पूर्व मुखिया भीष्म प्रसाद चौरसिया के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयां ने कहा कि स्व अनिल चौरसिया गरीबों, दलितों और शोषितों के आवाज थे। वह अपने राजनीतिक जीवन में गरीबों और दलितों की हक के लिए हमेशा लड़ाई लड़ते रहे। उन्होने कार्यकर्ताओं और जनता को एकजुट और संगठित रहने पर बल दिया। वहीं, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता स्व अनिल चौरसिया गरीबों पर अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर अपनी पहचान बनाई। उनके संघर्ष को याद कर जनता ने उन्हें तीन बार विधायक चुना है। पर विधानसभा क्षेत्र में जनहित में कराए जा रहे विकास कार्यों से हताश और निराश नेताओं को यह हजम नहीं हो रहा कि गरीब का बेटा तीन बार विधायक बन गया। आलोक चौरसिया ने स्व अनिल चौरसिया की पुण्यतिथि पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 16 जून 2012 दुखद दिन था, क्योंकि आज ही के दिन शोषित, दलित, पिछड़ा, वंचितों के मसीहा, गरीब -गुरबा की आवाज जनमानस के नेता प्रखर समाजसेवी मेरे पिता स्व अनिल चौरसिया का निधन हो गया था। विधायक ने कहा कि उन्होंने विकट परिस्थिति में भी धैर्य, साहस, हिम्मत से गरीबों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, भय, भूख, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए झारखंड बिहार के जनमानस में अपनी पहचान बनाई।

### डीसी ने जिले में किया एनिमिया मुक्त झारखंड सप्ताह अभियान का शुभारंभ

## एनिमिया के मरीजों की ट्रैकिंग जरूरीः डीसी

- से 21 जून तक चलाया जायेगा विशेष अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में डीसी समीरा एस और डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों ने सोमवार को दीप प्रज्वलन कर एनिमिया मुक्त झारखंड सप्ताह का शुभारंभ किया। इसके बाद समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग से आये प्रतिनिधियों को इस अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। पीपीटी के माध्यम से सभी को अनीमिया के कारणों, संकेत एवं लक्षण, अनीमिया का बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव, समूहों को लक्षित कैसे किया जाना है विषयों की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सभी विद्यालयों में एनिमिया मुक्त झारखंड कार्यक्रम सघन रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत छह माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन सिरप,पांच से नौ वर्ष के बच्चों को गुलाबी रंग का टेबलेट और 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को नीली रंग का आयरन की गोली खिलाई जाएगी। वहीं, गर्भवती एवं धात्री



महिलाओं को एएनएम एवं प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को सहिया द्वारा दवा दी जानी है। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए दवा वितरण, प्रशिक्षण रोल आउट, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, जनसंपर्क, पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए जानेवाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में 19 शिविर लगाया जायेगा। कहा कि पांच वर्ष के उपर वैसे बच्चे जिनका कहीं नामंकन नहीं है उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलायी जायेगी।

उधर, बैठक में डीसी ने कहा कि इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आये यह सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएस से कहा कि सिर्फ मरीजों को चिन्हित करने एवं दवाई देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने मरीजों की ट्रैकिंग पर बल दिया। सीएस को अगले चिन्हित किये गये मरीजों की अद्यतन स्तिथि से अवगत कराने की बात कही। इसके अलावे अभियान खत्म होने के बाद चिन्हित किये गये मरीजों की सूची भी मांगी। उन्होंने समाज कल्याण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक समन्वय स्थापित करते हुए निर्वहन करने को कहा। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियमित और पर्याप्त मात्रा में दवा की आपूर्ति सुनिश्चित करना, एनिमिया मुक्त झारखंड से संबंधित प्रशिक्षण और आइइसी सामग्री का निर्माण एवं संबंधित हितधारक विभागों के समन्वय से सभी फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण देना है। मौके पर डीडीसी, सिविल सर्जन, डीएसइ, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य डीपीएम आदि उपस्थित रहे।

## 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' 27 जुलाई से लोगों को करायेगी धार्मिक स्थलों की सैर, बुकिंग शुरू

**देवघर(आजाद सिपाही)।** भारतीय रेलवे और पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से भारत सरकार की देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत योजनाओं के तहत भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। इस विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन 27 जुलाई से किया जाएगा, जिसे इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड संचालित कर रहा है। यह ट्रेन भागलपुर से खुलेगी और जमालपुर, मधुपुर, सुजाता स्टेशन, बरकाकाना, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, राजगंज, झारसुगुड़ा, नागपुर, बिलासपुर,



रायपुर, दुर्ग जैसे स्टेशनों से होकर गुजरेगी। कुल 11 रात और 12 दिन की इस यात्रा में यात्रियों को तीर्थ स्थलों और ज्योतिलिंगों जैसे तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग आदि के दर्शन कराए जाएंगे। 3एसी का किराया 22,760 रुपये प्रति यात्री, जबकि स्लीपर श्रेणी 39,900 रुपये प्रति यात्री आईआरसीटीसी की यह यात्रा सर्वसमावेशी पैकेज के तहत होगी। यात्रा का समापन 07 अगस्त को होगा। कोविड नियमों का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाएगा। यह ट्रेन न केवल देश के तीर्थ स्थलों से यात्रियों को जोड़ने का कार्य करेगी बल्कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत से जोड़ने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

## मोदी सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक : चंद्रशेखर खवाड़े

**देवघर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला देवघर के सिमर मंडल की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष विष्णु कुमार राउत की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला मंत्री सह सिमर मंडल प्रभारी चंद्रशेखर खवाड़े ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। अपने संबोधन में प्रभारी चंद्रशेखर खवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। भाजपा की नीति 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के अंतर्गत देश के हर नागरिक को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने देश की रक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धियों को रेखांकित किया। बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 3.7 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। साथ ही,



आयुष्मान भारत योजना से 55 करोड़ से अधिक नागरिकों को इलाज की सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि भारत की रक्षा क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'प्रचंड', मिसाइल सिस्टम 'आकाश' और 'ब्रह्मोस' के जरिए 7 मई को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' में पीओके और पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकी कैंप और 11 एयरबेस तबाह किए गए। यह भारत की सर्जिकल स्ट्राइक नीति का पुनः प्रमाण है। वहीं, महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों पर कहा कि मातृत्व अवकाश को 12 से 26 सप्ताह किया गया है। तीन तलाक खत्म हुआ है और अब महिलाएं सेना में स्थायी कमीशन पा रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से लिंगानुपात में भी सुधार हुआ है। वहीं, कांग्रेस शासन की आलोचना करते हुए खवाड़े ने कहा कि भाजपा सरकार किसी भी आतंकी घटना पर केवल शोक प्रकट करने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करती है। उन्होंने 26/11 मुंबई हमला, बाटला हाउस एनकाउंटर और अन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस की नीति को 'कमजोर' बताया। अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में आगामी चुनावों के लिए भाजपा को मजबूती देने और जनता तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कृष्णानंद झा, राधेश्याम वर्मा, खुशबू पंडित, सुभाष झा, सीताराम वर्मा, रंजीत झा, अवधेश वर्मा, विजय झा, मुकेश वर्मा, कुंदन वर्मा और नंदू दास आदि मौजूद रहे।

## बिजली की आंख मिचौली के खिलाफ एनएच 139 ढाई घंटे जाम कर प्रदर्शन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिजली आपूर्ति में अनियमितता से नाराज लोगों ने सोमवार को हरिहरगंज शहर के पिपरघाट रोड स्थित एनएच 139 जाम कर दिया। इससे मुख्य मार्ग पर करीब ढाई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लगातार लो वोल्टेज और बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने किया। उन्होंने बताया कि लो वोल्टेज के कारण न सिर्फ घरों में, बल्कि बिजली उपकरणों में भी कामकाजी रुकावटें आ रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कई बार विद्युत कनीय अभियंता और विद्युत कार्यपालक अभियंता से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उधर, प्रदर्शन के दौरान जाम में फंसे यात्रियों और एंबुलेंस में सवार मरीजों ने भी गर्मी से बेहाल होकर मदद की अपील की। स्थिति यह हो गई थी कि तीन किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। जिससे इस गर्मी में लोग बेहाल दिखे। खासकर लंबी यात्रा पर निकले लोग और आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस में फंसे लोग मुश्किल में थे। हालांकि प्रदर्शन के दौरान सीओ मनीषा कुमार सिन्हा, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और पुलिस अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और प्रदर्शनकारियों को समस्या का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को समझा बुझा सड़क को चालू करा दिया गया। मौके पर भाजयुमो नेता राजीव रंजन, संजय जायसवाल, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, विश्वदीप कुमार, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, उदय सिंह, मुरारी प्रजापति, मृत्युंजय सिंह आदि थे।

## प्रसिद्ध कथावाचक संजय शास्त्री ने की महामंडलेश्वर राजराजेश्वरी नंद गिरी से भेंट




**देवघर (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध कथा वाचक पं संजय शास्त्री ने सोमवार को बैद्यनाथधाम पहुंचकर श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर माता राजराजेश्वरी नंद गिरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महामंडलेश्वर द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। वहीं, पत्रकारों से बातचीत में संजय शास्त्री ने कहा कि आज के समय में जहां संत समाज अक्सर केवल प्रवचन और मंचों तक सीमित हो गया है, वहीं राजराजेश्वरी नंद गिरी जी निःस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों की सेवा में समर्पित हैं। मैंने झारखंड में ऐसा कोई महामंडलेश्वर नहीं देखा जो इतनी सेवा भावना के साथ कार्य कर रहे हों। इनकी सेवा और समर्पण को देखकर मैं वृंदावन से स्वयं मिलने चला आया हूं। कहा कि राजराजेश्वरी जी जिस प्रकार गरीबों, पीड़ितों और जरूरतमंदों की सहायता कर रही हैं, वह आज के युग में एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने संत समाज से भी आह्वान किया कि वे केवल प्रवचन तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के लिए भी कुछ करें। संजय शास्त्री ने तीर्थयात्रियों से अपील की कि वे तीर्थों का उद्देश्य समझें और उसे आत्मसात करें।

## रेलवे टिकट जांच अभियान में 353 रेल यात्री से 1.39 लाख का वसूला जुर्माना

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को मधुपुर, चितरंजन एवं जसीडीह स्टेशन में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने पटना-हावड़ा जनशताब्दी, पूर्वा, पटना धनबाद इंटरसिटी सहित कई ट्रेन एवं स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना टिकट यात्री के अलावे विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य कई मामलों में कुल 353 लोगों को हिरासत में लिया गया। उनसे कुल एक लाख 39 हजार पांच रुपए जुर्माना वसूला गया। वहीं, टिकट जांच अभियान में सीआइटी मोहम्मद फिरोज अख्तर, टीटीआई मोहन कुमार, आई एमके मंडल, टीटीई एके पवारिया, सीनियर सीसीटीसी घनश्याम कुमार पप्पु तांती, केएस गुप्ता, वाई पी मिश्रा सहित रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवान के अलावा कोर्ट कर्मी रमीज राजा, उदय सिंहा, नुनू लाल हेंब्रम आदि शामिल थे।

## नीट यूजी की परीक्षा में अभिषेक ने पायी सफलता, हर्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के होम्योपैथी चिकित्सक अहमदनगर निवासी डॉ शिव प्रसाद मेहता के पोते अभिषेक रंजन ने नीट (मेडिकल प्रवेश) परीक्षा में 530 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करते हुए अपने माता-पिता एवं परिजनों सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक ने ऑल इंडिया रैंकिंग (ओबीसी) में 10961वां स्थान प्राप्त किया है। अभिषेक रंजन की इस सफलता पर दादा डॉ शिव प्रसाद मेहता, पिता निरंजन मेहता और चाचा आलोक आदि ने बधाई दी है।

# रॉबर्ट वाड्रा को इडी ने आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर से समन जारी किया है और 17 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में एजेंसी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला ब्रिटेन में बसे हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है और उससे रॉबर्ट वाड्रा के लिंक बताये जाते हैं। इसी मामले में एजेंसी उनसे पूछताछ करना चाहती है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत केस की जांच हो रही है और वाड्रा का भी इससे लिंक बताया जा रहा है।

एजेंसी ने इससे पहले भी रॉबर्ट वाड्रा को समन जारी किया था और 10 जून को पूछताछ के लिए तलब किया था। रॉबर्ट वाड्रा ने यह कहते हुए पूछताछ में शामिल होने से इनकार कर दिया था कि उन्हें बुखार है और कोरोना के लक्षण महसूस हो रहे हैं। उन्होंने कोरोना का टेस्ट भी कराया था। उनके वकील का बयान भी आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि रॉबर्ट वाड्रा का समन से बचने का कोई इरादा नहीं है।

वह एजेंसी के सामने किसी भी समय पेश होने के लिए तैयार हैं। इसी महीने वह विदेश यात्रा पर जाने वाले हैं। ऐसे में यात्रा से पहले या फिर बाद में वह कभी भी एजेंसी के सामने पेश हो सकते हैं। वाड्रा से पूछताछ के बाद ही एजेंसी इस केस में चार्जशीट दाखिल कर सकती है। अप्रैल में एजेंसी ने लगातार तीन दिन रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की थी। लेकिन वह मामला एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े था, जो हरियाणा की एक लैंड डील का है। जमीन का यह सौदा वर्ष 2008 में हुआ था। अब तक रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तीन मामलों में जांच चल रही है।

## महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित हुआ 5 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत

**दुबई।** क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्तूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी। हाइब्रिड मॉडल के तहत कोलंबो को तटस्थ स्थल रखा गया है। भारतीय टीम इस टूनार्मेंट में अपने अभियान की शुरूआत 30 सितंबर को बंगलूरू में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच से करेगी और इसके बाद उसका अगला मैच पाकिस्तान से होगा। आइसीसी ने महिला वनडे विश्व कप की तारीखों और आयोजन स्थल की घोषणा पहले ही कर दी थी, लेकिन सोमवार को इसका कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जायेगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है। इस वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन 12 साल बाद भारत में किया जायेगा। पहला सेमीफाइनल मुकाबला 29 अक्तूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 30 अक्तूबर को बंगलूरू में खेला जायेगा। फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को तैयारियों के लिए दो दिन का समय मिलेगा। महिला वनडे विश्व कप का खिताबी मुकाबला दो नवंबर को बंगलूरू या कोलंबो में खेला जायेगा।

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower,
(Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
नि:शुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST
D-4 MONTH
GET JOB
MONEY BACK

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय थावे वाली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
वाचल के द्वारा
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YDA
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO™
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें
वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

EXPERIENCE
Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम खरखराव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

Saddam
7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD:- FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
Euro Kids
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful
OUR WEEKENDS PROGRAMS ABACUS, DANCE DRAWING, MUSIC (OPEN FOR ALL)
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

MGH
MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme
HDFC BANK
BAJAJ FINSERV
0% ब्याजदर

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में
एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO
TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234780862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रॉंची में
स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
झारखंड अधिविद परिषद, रॉंची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, रॉंची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND)

# पप्पू तिवारी बने धनबाद कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस आला कमान ने पप्पू कुमार तिवारी को धनबाद जिला कांग्रेस का मीडिया चैयरमेन सह प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस पर झारखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चैयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को पप्पू तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी के साथ ही मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी केराजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने संगठन के प्रति समर्पित ऊर्जावान कार्यकर्ता पप्पू तिवारी को धनबाद जिला का मीडिया चैयरमेन सह प्रवक्ता बनाए जाने से मजबूती मिलेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी जिम्मेवारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए जिला के हर छोटी-बड़ी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखेंगे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मदन महतो, प्रदेश डेलिगेट मनोज यादव, जिला महासचिव बबलू दास आदि उपस्थित थे।

# धनबाद के युवा पत्रकार नीरज कुमार का निधन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जुझारू युवा पत्रकार नीरज कुमार का सोमवार अहले सुबह एसएनएमएमसीएच अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। नीरज कुमार ने न केवल खबरों की दुनिया में अपनी कलम की धार से पहचान बनाई, बल्कि हाल ही में आयोजित प्रेस क्लब के फैंसी क्रिकेट मैच में भी उन्होंने खेलते हुए चौकों-छक्कों की बारिश की थी। लेकिन जीवन की इस कठिन लड़ाई में वे मौत से जंग हार गए। उनके निधन से धनबाद पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। इस दिन स्वर्गीय नीरज की आत्मा के शांति के लिए धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यों के अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष शरद चंद्र पांडे, उपाध्यक्ष अमर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सचिन चंदन पाल, सचिव राममूर्ति पाठक, सचिव विक्की प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया पांडे, गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार दीपक अम्बष्ट सहित शहर के अन्य गणमान्य लोगो उनके शव यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान तेली पाड़ा स्थित श्मशान घाट में उनका दाह संस्कार हुआ। सभी लोग श्मशान घाट पर स्वर्गीय नीरज कुमार के मृदु भाषीता, एवं कर्मठता की भूरी भूरी प्रशंसा करते दिखे। वहीं, धनबाद प्रेस क्लब कमेटी ने बताया कि नीरज कुमार का इस तरह असमय चले जाना पत्रकारिता जगत में एक अपूरणीय क्षति है।

# स्वच्छता पखवारा के तहत जगह जगह चलाया गया सफाई अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवारा के तहत सोमवार को ब्लॉक दो क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय, एबीओसीपी कार्यालय, 14 नंबर हाजिरी घर, जमुनिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डिस्पेंसरी, आरआर वर्कशॉप एवं जमुनिया काली मंदिर हाजिरी घर पर सफाई अभियान चलाया गया। अधिकारी एवं मजदूर झाड़ू लेकर सफाई अभियान में उतरे। इस दौरान एपीएम अनील कुमार ने अधिकारी एवं मजदूरों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर एजीएम कुमार रंजीव ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस मौके पर कार्मिक प्रबंधक ( प्रशासन) पीके झा, कार्मिक प्रबंधक विकास कुमार, अजय सिंह यादव, स्नेहा, चिकित्सा प्रभारी डॉ अनामिका कुमारी, सेफ्टी नोडल इंचार्ज राजीव रंजन, इंदल कुमार, अशरद हुसैन, मुरारी पांडेय आदि उपस्थित थे।

# कोरोना को लेकर बोकारो सदर अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। पड़ोसी जिला धनबाद में दो कोरोना मरीज मिलने के बाद विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। हालांकि, अभी तक जिले में कोई कोरोना मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने संभावित मरीजों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 10 बेड का वार्ड तैयार किया है। जिले में फ्ळढउफ जांच की सुविधा नहीं है। इसलिए सैंपल लेकर जांच के लिए अन्य जगहों पर भेजने की व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए क्वारैंटाइन सेंटर भी तैयार किया गया है।

## बोकारो में घबराने वाली स्थिति नहीं

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण ने कहा कि जिले में घबराने की नहीं, सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने, मास्क पहनने और हाथों की सफाई रखने की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सकों को अलर्ट कर दिया है। ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और अन्य जरूरी संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सरकार की गाइडलाइन मिलने के बाद लक्षण वाले लोगों की जांच के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

## समाहरणालय में मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

# बंद खदानों में मछलीपालन की योजना तैयार करे विभाग: डीसी

- महिलाओं को मछली पालन से जोड़ कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



डीसी आदित्य रंजन।

**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्व विभाग के अधिकारी को धनबाद जिले में बंद कोयाल खदानों में मछलीपालन को लेकर एक डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। डीसी ने महिलाओं को मछलीपालन से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध लाभुकों का चयन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वित्तिय वर्ष 2023-24 के चयनित लाभुकों के प्रतिस्थापन की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में डीसी ने वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सक्रिय मत्स्य पालकों का ग्रुप एक्सीडेंटल इंश्योरेंस स्कीम के तहत बीमा करने की स्वीकृति दी। लगे हाथ धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान में वित्तिय विभागीय दिशा निर्देशों का पालन करते हुए योजना के लिए योग्य लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने बेलगड़िया टाउनशिप में निवेश करने वालों को रोजगार से जोड़ने, महिलाओं को भी मत्स्य पालन के लिए प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और माइनिंग क्षेत्र में बंद खदान जहां पानी का जमाव हो वहां मत्स्य पालन के लिए प्रोजेक्ट योजना तैयार करने का निर्देश दिया। इस मौके पर डीडीसी सादात अनवर, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, एलडीएम अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# स्व. सत्यनारायण तिवारी धनबाद कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ थे : ब्रजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चैयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धनबाद जिला के वरिष्ठ नेता रहे करकेंद निवासी स्व सत्यनारायण तिवारी के आवास पर प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामन की। इस अवसर पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व सत्यनारायण तिवारी धनबाद कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ थे। पार्टी के लिए वे सदैव समर्पित रहे। स्वभाव से वे काफी सरल एवं मृदुभाषी थे। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की। वहीं, प्रदेश डेलिगेट मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह योगी, अरुण सिंह और पप्पू कुमार तिवारी सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सरायढेला में बर्तन-ज्वेलरी दुकान में चोरी, लाखों की संपत्ति ले भागे चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के ऐट लेन में चोरों ने रविवार की रात एक बर्तन और ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए वहां से लाखों रुपये के कीमती सामान लेकर चंपत हो गये। पता चला है कि 'श्रीराम बर्तन शॉप एंड ज्वेलर्स' नामक दुकान से चोर करीब दो किलो चांदी के आभूषण और सोने की बिछिया सहित अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गये। दुकान संचालक धनंजय पाल को सोमवार की सुबह चोरी की सूचना फोन पर मिली। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंच गये। देखा कि दुकान का शटर टूटा है और भीतर रखे अधिकतर कीमती सामान गायब है। वहां से चोरों ने पायल, ब्रेसलेट, कड़ा, बिछिया, चांदी के सिक्के और सोने की बिछिया आदि चोरी कर ली थी। संचालक के अनुसार, चोरी गए सामान की बाजार कीमत करीब तीन लाख रुपये है। धनंजय पाल ने बताया कि उन्होंने यह दुकान दो महीने पहले ही शुरू की थी। दुर्भाग्यवश, दुकान में सुरक्षा के लिए कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया था, जिससे चोरी की जांच में कुछ कठिनाई आ रही है। उधर, सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित की ओर से लिखित शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब इलाके में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# बुलेट और 18 चक्का सीमेंट ट्रक की टक्कर, चालक ने कूद कर बचाई जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले के बलियापुर थाना अंतर्गत पलानी मोड़ के समीप सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक एक तेज रफ्तार 18 चक्का सीमेंट ट्रक और बुलेट के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक ने कूद कर अपनी जान बचा ली। हालांकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पता चला है कि 18 चक्का ट्रक बलियापुर से गोविंदपुर की ओर जा रहा था। तभी पलानी मोड़ के समीप ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे बाइक सवार युवक की ओर तेजी से बढ़ गया। हालांकि स्थिति को भांपते हुए युवक ने चलती बाइक से छलांग लगा दी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद पलानी मोड़ पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंच कर युवक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद हादसे से आक्रोशित होकर आसपास के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन से दोषी ट्रक चालक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करने लगे। उधर, घटना की सूचना मिलते ही बलियापुर पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर यातायात को सामान्य करने में सफलता पाई। इस दौरान करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहा, जिससे उस मार्ग पर यातायात बाधित हुआ।

# जेइइ और नीट की परीक्षा में सफल होने पर पुराना बाजार चेंबर ने किया यश को सम्मानित

## यश की सफलता हम सभी के लिए गर्व का क्षण : सोहराब

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सोहराब खान, महासचिव पवन सोनी, चेंबर संरक्षक राजेश गुप्ता, संजय पांडेय, इमरान अली, सरदार नारायण सिंह, नितिन अग्रवाल, दीपक सिंह चौहान, भावेश राठौर, पियूष केडिया, जितेंद्र अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने पुराना बाजार के व्यवसायी सह चेंबर के सदस्य राजेश भोजगारिया के पुत्र यश भोजगारिया के जेईई एडवांस्ड में 12328 रैंक (आईआईटी खरडगपुर में चयनित) एवं एनईईटी में 594 अंक, 1800 रैंक ला कर सफल होने पर सम्मानित किया। इस मौके पर यश ने कहा कि पुराना बाजार में मेरा बचपन बीता है। पूरा पुराना बाजार मेरे घर जैसा है। आज घर के अभिभावकों, शुभचिंतकों से मुझे और मेरे माता पिता को मिले इस सम्मान से विशेष महसूस कर रहा हूं। इससे मेरा मनोबल बहुत बढ़ा है। यश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और परिवार को दिया। उधर, चेंबर के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि यश की सफलता पुराना बाजार एवं धनबाद व्यापार जगत के लिए गर्व का विषय है। हम सभी यश की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं, महासचिव पवन सोनी ने कहा कि यश भोजगारिया एक व्यवसायी के पुत्र है। उनकी सफलता पर हम व्यवसायियों को गर्व महसूस हो रहा है मैं पुराना बाजार चेंबर की ओर से भोजगारिया परिवार को बधाई देता हूं। वहीं, संरक्षक राजेश गुप्ता ने जेईई सहित नीट की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है यह बहुत बड़ी बात है। यश की उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :— 09/2025—26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :— जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :— 25.06.25 एवं 26.06.25 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— दिनांक 28.06.25 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 28.06..25 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :— नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :— जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :— DMFT मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बरही | मलकोको | बुण्डू | ग्राम बुण्डू के मध्य विद्यालय खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 2 | चुरचू | हेन्देगढ़ा | कारूखाप | ग्राम कारूखाप में आदर्श हाई स्कूल के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 3 | चुरचू | जरबा | दासोखाप | ग्राम दासोखाप के टोला लोथरवा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 4 | चौपारण | बेलाही | प्रतापुर | ग्राम प्रतापुर के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 5 | चौपारण | सिंघरावां | हजारीधमना | ग्राम हजारीधमना में बेलथरवा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 6 | विष्णुगढ़ | भेलवारा | भेलवारा | ग्राम भेलवारा में पंचायत भवन के सामने खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 7 | विष्णुगढ़ | गोविन्दपुर | चितरामो | गोविन्दपुर के पुरनी चितरामो के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 8 | विष्णुगढ़ | बकसपुरा | बकसपुरा | ग्राम बकसपुरा, गांधी मैदान के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 9 | विष्णुगढ़ | खरकी | खरकी | ग्राम खरकी के सजोट में खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 10 | कटकमदाग | खपरियावां | खपरियावां | ग्राम खपरियावां के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खपरियावां खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 11 | बरकट्ठा | बरकट्ठा दक्षिणी | बरकट्ठा दक्षिणी | ग्राम बरकट्ठा दक्षिणी के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 12 | बरकट्ठा | बेडोकला | बेडोकला | ग्राम बेडोकला के राजकीय मध्य विद्यालय के खेल मैदान मे चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 13 | बरकट्ठा | बेडोकला | बेडोकला | उत्तरी छोटानगपुर उच्च विद्यालय, बेडोकला के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 14 | पदमा | पदमा | पदमा | ग्राम पदमा में रामनारायण +2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 15 | कटकमसाण्डी | रेबर | नावाखाप | ग्राम नावाखाप के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 16 | चलकुशा | सेवाटांड | सेवाटांड | ग्राम सेवाटांड के खास खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 17 | चलकुशा | मनैया | जमसोती | ग्राम जमसोती में सिगवा टोंगड़ी के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 18 | केरेडारी | मनातु | गोपदा | ग्राम गोपदा में नवप्राथमिक विद्यालय, उपरैलडीह के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 19 | डाड़ी | डाडी | डाडी | ग्राम डाडी में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 20 | डाड़ी | डाडी | डाडी | ग्राम डाडी के किसान मजदूर उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 21 | बड़कागाँव | बादम | बादम | ग्राम बादम (बी0एम0सी0) के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 22 | बड़कागाँव | सिरमा | पडरिया | ग्राम पडरिया चोरका में मझलीतारी के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 23 | बड़कागाँव | नापोखुर्द | नापोखुर्द | ग्राम नापोखुर्द पंचायत भवन के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 24 | बड़कागाँव | तलसवार | कोयलंग | ग्राम कोयलंग में प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 25 | ईचाक | बरकाखुर्द | बरकाखुर्द | ग्राम बरकाखुर्द उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 26 | ईचाक | करीयातपुर | चन्दा | ग्राम चंदा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 27 | दारू | पुनाई | जरगा | ग्राम जरगा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 28 | दारू | कविलासी | तिउज़ | ग्राम तिउज के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 29 | दारू | जिनगा | महेशरा | ग्राम महेशरा में उच्च विद्यालय, महेशरा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 30 | टाटीझरिया | खैरा | बेडमक्का | ग्राम बेडमक्का में मध्य विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 31 | टाटीझरिया | डहरभंगा | केसडा | ग्राम केसडा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 32 | सदर | हरहद | हुपाद | ग्राम हुपाद के गणेशीटांड के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 33 | केरेडारी | बेलतु | बेलतु | ग्राम बेलतु के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 34 | चौपारण | मानगढ | ढुठी | ग्राम ढुठी में बेसीक स्कूल के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 35 | चौपारण | दादपुर | नेवरी | ग्राम नेवरी में विद्यालय के सामने खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 36 | पदमा | कुटीपीसी | गरवा | ग्राम गरवा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 37 | कटकमसाण्डी | आराभुषाई | महुंगाई | ग्राम महुंगाई के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 38 | कटकमसाण्डी | डाटोखुर्द | डाटोखुर्द | ग्राम डाटोखुर्द में आर0सी0 मिशन हाई स्कूल के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 39 | ईचाक | देवकुली | लुन्दरू | ग्राम लुन्दरू में राजकीय उत्क्रमीत मध्य विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 40 | ईचाक | देवकुली | देवकुली | ग्राम देवकुली में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 41 | सदर | हरहद | दोनोरेसाम | ग्राम दोनोरेसाम में आम बगीचा के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 42 | सदर | पौता | पौता | ग्राम पौता में वी0टी0सी0 हाई स्कूल के खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |

नोट :— 1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 355195 District (25-26)_D

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

## बायोम के छात्र सिद्धार्थ एआइआर 373 के साथ बने सिटी टॉपर

# 'विक्ट्री रैली' में मेडिकल स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह




- सफल स्टूडेंट्स के साथ तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स भी शामिल हुए
- संस्थान के 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया
- निदेशक पंकज सिंह ने कहा विक्ट्री रैली से दूसरे स्टूडेंट को भी मिलेगा मोटिवेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक तरफ विक्ट्री साइन के साथ उत्साहित चेहरे... तो दूसरी तरफ एक दूसरे को बधाई देते छात्र छात्राएं सड़क पर नजर आ रहे थे... मौका था बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित विक्ट्री रैली का। इसमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के सफल छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। यह रैली बायोम इंस्टीट्यूट नगड़ा टोली से हरिओम टावर तक गयी। वहीं बायोम इंस्टीट्यूट शिवपुरी हिनू से भी रैली निकाली गयी, जो हिनू चौक तक गयी।

बता दें बायोम इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही देश के जाने माने मेडिकल कॉलजों में नामांकन का रास्ता साफ कर लिया है। इसमें बायोम इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनायी है। वे संस्थान में दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र हैं। इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, मोहम्मद ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मोहम्मद तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किये हैं।

संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी, जिसमें से 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने सभी प्रकार के डाउट को दूर करने में मदद किये, पैटर्न के अनुसार बेहतरीन स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराया गया। लगातार मॉक टेस्ट ले कर गलतियों को सुधरवाया गया। वहीं रिजल्ट आने के बाद संस्थान में उत्साह और उमंग का माहौल नजर आया। सफल छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी संस्थान पहुंचे थे।

### छात्र-छात्राओं ने कठिन पेपर के बावजूद भी शानदार प्रदर्शन किया है : पंकज सिंह

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि नीट यूजी 2025 की परीक्षा में कठिन पेपर थे। इसके बावजूद भी संस्थान के छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। कई स्टूडेंट्स ने झारखंड के टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनायी है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्र छात्राओं को देश के जाने-माने मेडिकल कॉलेजों में नामांकन का अवसर मिलेगा। नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### रैंकर, रेसर और रनर बैच का शानदार प्रदर्शन

बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। रैंकर, रेसर और रनर बैच के 115 छात्र छात्राओं ने नीट यूजी की परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 103 छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें संस्थान का टारगेट बैच 26 जून से, फाउंडेशन बैच 3 जुलाई से, लक्ष्य बैच 3 जुलाई से शुरू होगा।

# दिल्ली आ रहे एयर इंडिया ड्रीमलाइनर विमान में खराबी उड़ान भरने के एक घंटे बाद ही वापस हांगकांग लौटा

**नयी दिल्ली।** हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ-315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट एआइ-315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल भारत में एअर इंडिया की तरफ से किया जा रहा है। 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में ऐसा ही एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान विमान में सवार 242 लोगों में 241 लोगों की मौत हो गयी थी। विमान सेवा कंपनी ने एक बयान में कहा कि विमान संख्या अक315 हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री विमान से उतर गये हैं। साथ ही कहा कि विमान का निरीक्षण किया जा रहा है। विमान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे रवाना हुआ और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली उतरना था। विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर सवा एक बजे एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

### बिना आतंकी फंडिंग के पहलगाम हमला संभव नहीं था : एफएटीएफ

**नयी दिल्ली :** वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए देशों द्वारा लागू किये गये उपायों की प्रभावशीलता पर अपना ध्यान और अधिक केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने एक बयान में कहा, आतंकी हमले दुनिया भर में लोगों को मारते हैं, घायल करते हैं और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसकी निंदा करता है। यह और हालिया अन्य हमले पैसे और आतंकियों के समर्थकों के बीच धन के आदान-प्रदान के बिना संभव नहीं हो सकते थे। यह बयान उस समय आया है जब भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लगातार समर्थन देने और बहुपक्षीय फंड्स का हथियार खरीद के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया है। एफएटीएफ ने कहा कि आतंकवाद दुनिया भर के समाजों और नागरिकों के लिए खतरा है। इसलिए वैश्विक निगरानी संस्था अपने वैश्विक नेटवर्क के भीतर 200 से अधिक न्यायक्षेत्रों को आतंकी फंडिंग के खिलाफ अपने उपायों को बनाने और बढ़ाने के लिए समर्थन दे रही है। इसमें वित्तीय खुफिया जानकारी का रणनीतिक उपयोग भी शामिल है। इसके अलावा हमने देशों द्वारा किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर ध्यान दिया है। बयान में कहा गया कि एफएटीएफ जल्द ही आतंकी फंडिंग को लेकर एक व्यापक विश्लेषण जारी करेगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**